प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक | केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in



ईरान युद्ध और ट्रंप परिवार का व्यापारिक खेल पेज-2

दम घुटने से वृद्ध की मौत पेज-6

वर्ष : 15 अंक : 82 | शुक्रवार 13 मार्च, 2026 | डाक पंजीयन संख्याः एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रुपया

# फारुक अब्दुल्ला ने खुद बताया उनके साथ क्या हुआ?

## कहा-मैं निकल रहा था तभी, अमित शाह ने किया फोन

एजेंसी श्रीनगर। जम्मू–कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला पर हुए कथित हमले की कोशिश के बाद राजनीतिक और सुरक्षा हलकों में हलचल मच गई है। फारूक अब्दुल्ला ने गुरुवार को बताया कि घटना के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उन्हें फोन कर उनका हालचाल जाना और पूरे मामले की जांच कराने का भरोसा दिया। फारूक अब्दुल्ला ने मीडिया से बातचीत में कहा कि घटना के समय वह एक शादी समारोह से बाहर निकल रहे थे, तभी अचानक पटाखे जैसी आवाज सुनाई दी। बाद में उन्हें बताया गया कि एक व्यक्ति ने पिस्तौल से दो गोलियां चलाई थीं। फारूक अब्दुल्ला ने घटना का जिक्र करते हुए कहा, "मैं शादी समारोह स्थल से बाहर निकल रहा था तभी मुझे पटाखे जैसी आवाज सुनाई दी। तुरंत मुझे एक कार में ले जाया गया। बाद में पता चला कि एक व्यक्ति पिस्तौल लेकर आया था और उसने दो गोलियां चलाई थीं। मैं उस व्यक्ति को नहीं जानता और न ही उसके बारे में मुझे कोई जानकारी है।" उन्होंने कहा कि अल्लाह की कृपा और सुरक्षा बलों की सतर्कता के कारण उनकी जान बच गई। पूर्व मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) और स्थानीय पुलिस की भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि सुरक्षा कर्मियों ने अपनी जान जोखिम में डालकर उन्हें सुरक्षित बचाया। फारूक अब्दुल्ला ने कहा, मेरे बचाव में जवानों ने जो किया, उसके लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं। अगर वे तुरंत कार्रवाई नहीं करते तो बड़ा हादसा हो सकता था। उन्होंने यह भी बताया कि जिस शादी समारोह में यह घटना हुई वहां कई महत्वपूर्ण हस्तियां मौजूद थीं, लेकिन उस समय स्थल पर पुलिसकर्मी तैनात नहीं थे। जम्मू–कश्मीर पुलिस ने इस मामले में कमल सिंह नाम के व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी को ग्रेटर कैलाश इलाके के रॉयल पार्क में आयोजित शादी समारोह में कथित तौर पर फारूक अब्दुल्ला पर गोली चलाने की कोशिश के बाद पकड़ा गया। पुलिस के अनुसार, फारूक अब्दुल्ला की सुरक्षा में तैनात एनएसजी के जवानों ने तत्परता दिखाते हुए हमलावर को तुरंत काबू कर लिया और संभावित हमले को विफल कर दिया। घटना में इस्तेमाल की गई लोडेड पिस्तौल भी बरामद कर ली गई है। आरोपी जम्मू के पुरानी मंडी इलाके का रहने वाला बताया जा रहा है और उससे पूछताछ





जारी है। इस घटना के बाद राजनीतिक प्रतिक्रियाएं भी सामने आईं और गुरुवार को संसद में भी यह मुद्दा उठाया गया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने फारूक अब्दुल्ला की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई और जम्मू–कश्मीर में पुलिस व्यवस्था पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि पहले जम्मू–कश्मीर एक पूर्ण राज्य था, लेकिन अब पुलिस केंद्र के नियंत्रण में है। खरगे ने कहा, "फारूक अब्दुल्ला की सुरक्षा को खतरा है। सरकार को बताना चाहिए कि ऐसी घटना कैसे हो गई।" खरगे के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि फारूक अब्दुल्ला पर जानलेवा हमला एक गंभीर और चिंताजनक मामला है और इसकी पूरी जांच की जाएगी। उन्होंने कहा कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। नड्डा ने साथ ही विपक्ष के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि ऐसे गंभीर मामलों को राजनीतिक मुद्दा नहीं बनाया जाना चाहिए। फारूक अब्दुल्ला पर हमला करने वाले आरोपी की पहचान कमल सिंह जमवाल के रूप में हुई है। वह जम्मू के पुरानी मंडी इलाके का रहने वाला बताया जा रहा है। उसकी उम्र लगभग 60द्65 साल के बीच है। बताया गया है कि वह स्थानीय स्तर पर व्यापार करता है और पुराने शहर में उसकी कुछ दुकानें भी हैं, जिनसे उसका गुजारा चलता है। पुलिस ने बताया कि घटना में इस्तेमाल किया गया हथियार आरोपी की ही लाइसेंसी पिस्तौल थी। अब तक सामने आई जानकारी के मुताबिक आरोपी ने हमले के पीछे व्यक्तिगत दुश्मनी को कारण बताया है। उसने कहा कि फारूक अब्दुल्ला के प्रति उसका गुस्सा काफी पुराना है और इसी वजह से वह लंबे समय से मौका तलाश रहा था। हालांकि पुलिस का कहना है कि केवल आरोपी के बयान पर भरोसा नहीं किया जा सकता और मामले के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। पुलिस यह भी पता लगाने की कोशिश कर रही है कि कहीं इसके पीछे कोई और साजिश या सहयोगी तो नहीं है। पूछताछ में आरोपी कमल सिंह जमवाल ने चौंकाने वाला दावा किया है। उसने कहा कि वह पिछले करीब 20 साल से फारूक अब्दुल्ला को मारने का इंतजार कर रहा था। उसने कथित तौर पर पुलिस को बताया कि यह हमला किसी संगठन या साजिश का हिस्सा नहीं बल्कि उसका निजी एजेंडा था। उसने यह भी कहा कि उसे अपने किए पर कोई पछतावा नहीं है। हालांकि पुलिस उसके बयान की तस्दीक कर रही है। फिलहाल पुलिस उसके पारिवारिक और सामाजिक पृष्ठभूमि की भी जांच कर रही है। इस घटना के बाद जम्मू–कश्मीर में हाई–प्रोफाइल नेताओं की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल खड़े हो गए हैं। राज्य के उपमुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी ने भी इस घटना को सुरक्षा में गंभीर चूक बताया और कहा कि मामले की गहन जांच होनी चाहिए। उन्होंने चिंता जताई कि किस तरह एक हमलावर सुरक्षा घेरे को पार कर इतने बड़े नेता के करीब पहुंच गया। फिलहाल पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां इस पूरे मामले की जांच कर रही हैं। अधिकारी यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि हमलावर शादी समारोह तक कैसे पहुंचा और सुरक्षा में कहां चूक हुई। सुरक्षा एजेंसियों का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद आवश्यक कदम उठाए जाएंगे ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। इस घटना के बाद जम्मू–कश्मीर में राजनीतिक और सुरक्षा हलकों में चिंता बढ़ गई है और नेताओं की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर नए सिरे से समीक्षा की मांग उठने लगी है।

## दिल्ली में कोई भी लड़की ग्रैजुएशन तक की शिक्षा से वंचित नहीं रहनी चाहिएः रेखा गुप्ता

एजेंसी नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बृहस्पतिवार को कहा कि दिल्ली की सभी लड़कियों को कम से कम स्नातक स्तर तक की शिक्षा प्राप्त करनी चाहिए। इंदिरा गांधी दिल्ली तकनीकी महिला विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए गुप्ता ने कहा कि उनकी सरकार महिलाओं को अवसर प्रदान करने के लिए लगातार काम कर रही है। गुप्ता ने अपनी सरकार द्वारा शुरू की गई ‘लखपति बिटिया योजना’ का उल्लेख



करते हुए कहा कि इस योजना के तहत प्रत्येक पात्र लड़की को स्नातक करने के बाद 1.25 लाख रुपये मिलेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा, ‘मेरी कामना है कि दिल्ली में कोई भी लड़की स्नातक स्तर तक की शिक्षा से वंचित नहीं रहे। लड़कियों को न केवल स्कूल बल्कि कॉलेज भी जाना चाहिए और अपने पसंदीदा पाठ्यक्रम व विषय पढ़ने चाहिए। गुप्ता ने कहा कि भारत अब महिला नीत विकास की ओर अग्रसर है। उन्होंने इंदिरा गांधी दिल्ली महिला तकनीकी विश्वविद्यालय की छात्राओं से न केवल अपने सपनों को साकार करने और करियर बनाने का आग्रह किया, बल्कि समाज व देश के विकास में योगदान देने की भी अपील की।

## मुंबईः महाराष्ट्र विधान भवन को बम से उड़ाने की धमकी, सत्र से पहले कराया गया खाली

एजेंसी मुंबई। महाराष्ट्र में बजट सत्र के दौरान बृहस्पतिवार को मुंबई स्थित विधान भवन को बम से उड़ाने की धमकी मिली। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि परिसर को बम से उड़ाने की धमकी ईमेल के जरिए दी गई। सूचना मिलते ही तुरंत सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत जांच शुरू कर दी गई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि दक्षिण मुंबई स्थित विधानसभा परिसर से कर्मचारियों और अन्य लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया। सुरक्षा एजेंसियों ने परिसर की जांच की। अधिकारी ने बताया कि बम का पता लगाने वाली टीम मौके पर मौजूद हैं और तलाशी अभियान जारी है।

## बेटे ने ईंट से ताबड़तोड़ वार कर मां को उतारा मौत के घाट, इलाके में सनसनी

एजेंसी सीतापुर। सीतापुर जिले के कमलापुर थाना क्षेत्र में एक युवक ने शराब के नशे में अपनी मां की ईंट से वार कर हत्या कर दी और फरार हो गया। पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि क्षेत्र के ग्राम ऊंचा खेड़ा कला में बुधवार देर रात मालती देवी (60) घर पर थीं। इसी दौरान उनका पुत्र गुड्डू देर रात शराब के नशे में घर पहुंचा और मां से झगड़ा करने लगा। विवाद के दौरान युवक ने पास पड़ी ईंट से अपनी मां के सिर पर कई वार कर दिए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ीं और घटनास्थल पर ही उनकी मृत्यु हो गई। वारदात के बाद आरोपी युवक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार आरोपी युवक नशे का आदी बताया जा रहा है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

## एलपीजी के मुद्दे पर राहुल गांधी को बोलने देने की मांग को लेकर लोकसभा में गतिरोध

एजेंसी नई दिल्ली। लोकसभा में बृहस्पतिवार को कांग्रेस सदस्यों ने एलपीजी के मुद्दे पर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को बोलने देने की मांग करते हुए शोर–शराबा किया, जिसके बाद सदन की बैठक एक बार के स्थगन के बाद अपराह्न दो बजे तक स्थगित कर दी गई। सदन की बैठक एक बार के स्थगन के बाद दोपहर 12 बजे फिर शुरू हुई तो लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने उनके खिलाफ विपक्ष के संकल्प पर हुई सदन में पिछले दो दिन की चर्चा पर अपने विचार रखे। उनका कहना था कि उन्होंने निष्पक्षता और नियमों के अनुरूप सदन की कार्यवाही संचालित करने का प्रयास किया है तथा किसी भी सदस्य को नियमों से परे जाकर बोलने का विशेषाधिकार नहीं है। इसके बाद बिरला ने आवश्यक कागजात सदन के पटल पर रखवाए। कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने कहा कि नेता



प्रतिपक्ष ने राहुल गांधी ने एलपीजी के मुद्दे पर नोटिस दे रखा है और वह सदन में अपनी रखना चाहते हैं। इस पर बिरला ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष का नोटिस मिला है जिसके बारे में सरकार को अवगत करा दिया गया है तथा जब संबंधित विभाग के मंत्री सदन में रहेंगे तो उस विषय पर चर्चा होगी। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि मुद्दा महत्वपूर्ण है तो सरकार जवाब देना चाहेगी तथा मंत्री रहेंगे तो इस पर जवाब दिया जाएगा। इसके बाद भी कांग्रेस सदस्यों ने अपनी मांग को उठाना जारी रखा। बिरला ने दोपहर 12 बजकर 33 मिनट पर सदन की बैठक अपराह्न दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले, सुबह 11 बजे एलपीजी के विषय पर कांग्रेस सदस्यों के शोर–शराबे के कारण कार्यवाही शुरू होने के दो मिनट बाद ही दोपहर 12 बजे तक स्थगित कर दी गई थी।

## कृषि-खाद्य क्षेत्र में महिलाओं को नीति-निर्माण व निर्णय प्रक्रिया में अधिक भूमिका मिले : राष्ट्रपति

एजेंसी नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को कहा कि कृषि एवं कृषि–खाद्य क्षेत्र में काम करने वाली महिलाओं को नीति निर्माण, निर्णय–प्रक्रिया और नेतृत्व पदों पर अधिक भूमिका मिलनी चाहिए। उन्होंने इस क्षेत्र की पूरी मूल्य श्रृंखला में लैंगिक असमानता को खत्म करने के लिए सामूहिक प्रयास का आह्वान किया। राष्ट्रपति ने तीन दिवसीय महिलाएं एवं कृषि–खाद्य प्रणाली वैश्विक सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में महिलाओं की सफलता की कहानियों को व्यापक रूप से प्रकाशित किया जाना चाहिए, ताकि समाज उनके योगदान के बारे में अधिक जान पाए। मुर्मू ने भारत द्वारा अपनाए गए महिला–नेतृत्व वाले विकास के दृष्टिकोण का उल्लेख करते हुए कहा कि कृषि क्षेत्र में महिलाओं की हर स्तर पर भागीदारी बढ़ाने से समावेशी कृषि वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा। राष्ट्रपति ने महिला किसानों को भूमि स्वामित्व, तकनीकी ज्ञान और संस्थागत वित्त तक पहुंच के लिए लक्षित सहायता देने की आवश्यकता पर जोर दिया। तकनीक की भूमिका पर उन्होंने कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित पहल सरलाबेन का उल्लेख



किया, जो सरकार के पशुधन देखभाल दृष्टिकोण्से प्रेरित है और महिला किसानों के लिए नई संभावनाएं खोल रही है। सरकार के तमिलनाडु, महाराष्ट्र, ओडिशा और बिहार की महिला किसानों को पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित किए जाने का जिक्र करते हुए मुर्मू ने कहा कि अगली पीढ़ी को कृषि क्षेत्र में सार्थक योगदान देने के लिए इन अग्रणी महिलाओं से प्रेरणा लेनी चाहिए। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 2026 को ‘महिला किसान अंतरराष्ट्रीय वर्ष’ घोषित किए जाने का स्वागत करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि यह कृषि–खाद्य मूल्य श्रृंखला में महिलाओं की नेतृत्व भूमिका बढ़ाने और लैंगिक अंतर को कम करने का वैश्विक आह्वान है। उन्होंने बताया कि पिछले दशक में केंद्र सरकार की कई योजनाओं ने कृषि क्षेत्र में महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण को बढ़ावा दिया है। प्रधानमंत्री जन धन योजना के तहत 57 करोड़ बैंक खाते खोले गए हैं, जिनमें 56 प्रतिशत महिलाओं के हैं। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना की 68 प्रतिशत लाभार्थी महिलाएं हैं। दीनदयाल अंत्योदय योजना–राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत 10 करोड़ से अधिक ग्रामीण परिवार और 90 लाख स्वयं सहायता समूह जोड़े गए हैं। इस मिशन के तहत 4.6 करोड़ से अधिक महिला किसानों को बेहतर कृषि पद्धतियां अपनाने में सहायता मिली है। उन्होंने नमो ड्रोन दीदी योजना का भी उल्लेख किया जिसके तहत महिला स्वयं सहायता समूहों को ड्रोन उपलब्ध कराए जा रहे हैं ताकि सटीक कृषि तकनीकों का उपयोग बढ़ सके। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ने छह करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा है, जिनमें से तीन करोड़ से अधिक महिलाएं पहले ही सालाना एक लाख रुपये से अधिक आय प्राप्त कर रही हैं। वहीं 2025–26 के केंद्रीय बजट में हर जिले में स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों की बिक्री के लिए ‘शी मार्ट’ (स्वयं सहायता उद्यमी बाजार) स्थापित करने का प्रस्ताव रखा गया है जिससे महिलाओं को बेहतर बाजार उपलब्ध होगा। अपने संबोधन के अंत में राष्ट्रपति ने लोगों, पृथ्वी, समृद्धि, शांति और साझेदारी के वैश्विक ढांचे का उल्लेख करते हुए सभी पक्षों से विचार एवं कार्य दोनों में लैंगिक समानता को विशेष प्राथमिकता देने का आग्रह किया। मुर्मू ने कहा, यदि कृषि सहित हर क्षेत्र में प्रभावी लैंगिक समावेशन सुनिश्चित किया जाए तो हम न केवल सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करेंगे, बल्कि पृथ्वी को अधिक संवेदनशील और सामंजस्यपूर्ण भी बना सकेंगे।’ कार्यक्रम में शिवराज सिंह चौहान, एम एल जाट, आर एस परोदा और त्रिलोचन महापात्र सहित कई विशेषज्ञ और अधिकारी भी उपस्थित रहे। यह तीन दिवसीय सम्मेलन महिलाओं की सफलता की कहानियों को साझा करने, कृषि नीतियों में लैंगिक दृष्टिकोण को शामिल करने, तथा उद्यमिता, वित्तीय मॉडल और बाजार संपर्क जैसे विषयों पर चर्चा पर केंद्रित है।

## विपक्ष का संसद परिसर में प्रदर्शन, तख्तियां लेकर मोदी जी एलपीजी के नारे लगाए

एजेंसी नई दिल्ली। कांग्रेस और कई अन्य विपक्षी दलों के सदस्यों ने देश में एलपीजी के कथित संकट को लेकर बृहस्पतिवार को संसद परिसर में प्रदर्शन किया। संसद के मकर द्वार के निकट कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, द्रमुक और कई अन्य विपक्षी दलों के सांसद एकत्र हुए और उन्होंने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने मोदी जी एलपीजी के नारे लगाए। विपक्षी सांसदों ने गैस सिलेंडर की आकृति वाली तख्तियां भी ले रखी थीं। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी इस विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कहना है कि ईंधन संकट को लेकर घबराने की जरूरत नहीं है लेकिन वह खुद्द अलग कारणों से घबराए हुए नजर आ रहे हैं। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार





को दावा किया कि रसोई गैस की किल्लत को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोगों से नहीं घबराने की अपील कर रहे हैं जबकि वह खुद अलग कारणों से घबराए हुए हैं। राहुल गांधी ने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, प्रधानमंत्री कह रहे हैं कि घबराने की जरूरत नहीं है. लेकिन खुद प्रधानमंत्री बिल्कुल अलग वजहों से घबराए हुए हैं। वह अदाणी मामले, एप्सटीन फाइल के कारण घबराए हुए हैं। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री सदन के अंदर नहीं आ पा रहे हैं और देश से कह रहे हैं कि घबराओ मत, जबकि वह खुद घबराए हुए हैं। पश्चिम एशिया में संघर्ष के कारण रसोई गैस की किल्लत के बीच, प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को लोगों से नहीं घबराने की अपील की थी और जनहित की रक्षा का आश्वासन दिया था। उन्होंने कहा था, ‘मैं लोगों से अपील करना चाहता हूं कि हम केवल सही और सत्यापित जानकारी ही फैलाएं।

## समाज मे नकली संतो का होगा अंत, स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद से मुलाकात के बाद बोले अखिलेश यादव

एजेंसी लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को लखनऊ के कृष्णानगर क्षेत्र में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती से मुलाकात की और कहा कि शंकराचार्य का आशीर्वाद मिलने से समाज में फैले नकली संतों का अंत होगा। अखिलेश यादव दोपहर करीब 12.30 बजे अपने आवास से कृष्णानगर स्थित कार्यक्रम स्थल पहुंचे और स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद से भेंट की। मुलाकात के बाद अखिलेश यादव ने कहा कि वह शंकराचार्य से आशीर्वाद लेने



आए थे। उन्होंने कहा कि किसी भी अच्छे कार्य की शुरुआत से पहले शंकराचार्य का आशीर्वाद मिलना सौभाग्य की बात होती है। उन्होंने गोरक्षा के मुद्दे पर भी अपनी बात रखते हुए कहा कि समाजवादी सरकार के समय गायों की सेवा और संरक्षण के लिए कई फैसले लिए गए थे और भविष्य में भी गायों की सेवा के लिए जो संभव होगा, वह किया जाएगा। इस दौरान अखिलेश यादव ने कार्यक्रम स्थल पर मौजूद संतों को हाथ जोड़कर प्रणाम भी किया। उनके साथ पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं पूर्व मंत्री राजेंद्र चौधरी और पूर्व सांसद अनु टंडन भी मौजूद रहीं। गौरतलब है कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने बुधवार को लखनऊ से गोरक्षा जनजागरण अभियान की शुरुआत की है। इससे पहले वह 8 मार्च को वाराणसी से यात्रा शुरू कर विभिन्न जिलों का दौरा करते हुए 11 मार्च को लखनऊ पहुंचे थे।

# सम्पादकीय

## नीतीश कुमार की नई पहल

जैसा कि सर्वविदित है कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार ने जनता दल (यूनाइटेड) की सदस्यता ले ली। मै नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि जेडीयू की सदस्यता लेने के बाद निशांत मुख्यमंत्री आवास पहुंचे और अपने पिता नीतीश कुमार को मिठाई खिलाई। इसके बाद वह पूजा करने के लिए महावीर मंदिर पहुंचे, यहां से हाई कोर्ट स्थित मजार पर चादर भी चढ़ाई। मालूम हो कि पहले मंदिर में पूजा और फिर मजार पर चादर चढ़ाकर उन्होंने संकेत दिया



नफीस जाफरी

कि निशांत भी अपने पिता नीतीश कुमार की तरह ही अपनी राजनीति जारी रखेंगे। वहीं बात अब बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की तो मालूम हो कि बिहार की राजनीति में जब भी यात्राओं की बात होती है, तो सबसे पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का नाम आता है। पिछले कई सालों में उन्होंने अलग–अलग नामों से राज्यभर में कई यात्राएं की हैं। इन यात्राओं के माध्यम से उन्होंने कभी विकास कार्यों की समीक्षा की, तो कभी सीधे जनता से संवाद किया। लेकिन इस बार जो यात्रा शुरू होने जा रही है, उसे राजनीतिक तौर पर बहुत खास माना जा रहा है। राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि यह नीतीश कुमार की सक्रिय राजनीति की आखिरी बड़ी यात्रा हो सकती है। उम्र और बदलते राजनीतिक हालात के बीच नीतीश कुमार की इस यात्रा को उनके लंबे राजनीतिक सफर के एक अहम पड़ाव के रूप में देखा जा रहा है। दरअसल नीतीश कुमार ने अपनी राजनीति में यात्राओं को एक मजबूत माध्यम बनाया। वे अक्सर जिलों और गांवों में जाकर लोगों की समस्याएं सुनते रहे हैं और सरकारी योजनाओं की जमीनी हकीकत देखते रहे हैं। इससे एक तरफ लोगों को मुख्यमंत्री से सीधे अपनी बात कहने का मौका मिला, वहीं अधिकारियों पर भी काम ठीक से करने का दबाव बना। यही वजह रही कि उनकी यात्राओं को प्रशासनिक और राजनीतिक दोनों रूप से महत्वपूर्ण माना जाता रहा है। नीतीश कुमार की यात्राओं का सिलसिला वर्ष 2009 में विकास यात्रा से शुरू हुआ था। उस समय उन्होंने राज्य के कई जिलों का दौरा कर विकास योजनाओं की समीक्षा की थी। इसके बाद उन्होंने प्रवास यात्रा, सेवा यात्रा, विश्वास यात्रा, अधिकार यात्रा, संपर्क यात्रा और समाधान यात्रा जैसे कई कार्यक्रम किए, उनकी हर यात्रा का उद्देश्य अलग रहा. कहीं विकास योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाना था, तो कहीं जनता से सीधे सुझाव लेकर सरकार के कामकाज को बेहतर बनाना था। अधिकार यात्रा के दौरान उन्होंने बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग को लेकर जनता के बीच समर्थन जुटाने की कोशिश की थी। वहीं समाधान यात्रा में उन्होंने जिलों में जाकर सरकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। इन यात्राओं ने उन्हें लगातार जनता के बीच बनाए रखा और उनकी पहचान एक ऐसे नेता के रूप में बनी जो जमीन पर जाकर हालात देखना पसंद करते हैं। अब जो यात्रा शुरू होने जा रही है, उसे कई लोग उनकी आखिरी राजनीतिक यात्रा के रूप में देख रहे हैं। इसकी एक वजह यह भी है कि इसी समय उनके बेटे निशांत कुमार ने भी सार्वजनिक रूप से राजनीति में दिलचस्पी दिखानी शुरू की है। अब तक राजनीति से दूर रहने वाले निशांत कुमार का अचानक सक्रिय होना इस बात का संकेत माना जा रहा है कि जनता दल यूनाइटेड में नई पीढ़ी को आगे लाने की तैयारी हो सकती है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि अगर यह यात्रा सच में नीतीश कुमार की आखिरी बड़ी राजनीतिक यात्रा साबित होती है, तो इसका एक संदेश यह भी होगा कि वे अपनी राजनीतिक शैली और अनुभव को आगे बढ़ाना चाहते हैं। बिहार की राजनीति में जनता के बीच जाकर संवाद करने की जो परंपरा उन्होंने बनाई, वही रास्ता अब नई पीढ़ी के लिए भी महत्वपूर्ण हो सकता है। कुल मिलाकर यह यात्रा सिर्फ एक सरकारी कार्यक्रम नहीं है, बल्कि बिहार की राजनीति में एक अहम संकेत भी मानी जा रही है। एक तरफ यह नीतीश कुमार के लंबे राजनीतिक जीवन की झलक दिखाती है, तो दूसरी तरफ यह भी संकेत देती है कि आने वाले समय में राज्य की राजनीति में एक नई पीढ़ी की भूमिका बढ़ सकती है। इसलिए इस यात्रा पर बिहार की राजनीति की नजरें टिकी हुई हैं।

# ईरान युद्ध और ट्रंप परिवार का व्यापारिक खेल



गुलफिशा खान

ईरान के खिलाफ अमेरिका और इजरायल की शुरू की गई जंग दूसरे हते में जा चुकी है और हिंसा ने पूरे मिडिल ईस्ट में पांव पसार दिए हैं। ऐसे में ईरान की जवाबी रणनीति का एक हिस्सा ऐसा है जिस पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया जा रहा, और यही बात वॉशिंगटन में बैठी ट्रंप सरकार और उसके सैन्य अधिकारियों की नींद उड़ा रही है। अभी सबका ध्यान अमेरिकी ठिकानों पर गिरती मिसाइलों, हवाई अड्डों पर हमले करने वाले ड्रोन, होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों और जलते तेल के कुओं पर है। लेकिन इन सबके बीच चुपचाप और योजनाबद्ध तरीके से ईरान अमेरिका के उन रडार सिस्टमों को नष्ट कर रहा है, जो पूरे मिडिल ईस्ट में अमेरिका की मिसाइल डिफेंस सिस्टम की आंख और कान हैं। खास बात है कि कुछ हद तक यह रणनीति काम भी कर रही है। जॉर्डन–जॉर्डन में मुवफाक साल्टी में अमेरिका का एयर बेस है। यह क्षेत्र में अमेरिका का एक बेहद महत्वपूर्ण ठिकाना है और यहां कई अमेरिकी फाइटर जेट तैनात हैं। यहां अमेरिका का टर्मिनल हाई एल्टीट्यूड एरिया डिफेंस सिस्टम यानी ज्भ्।।क् का एक रडार भी मौजूद था जिसे ईरान ने अब नष्ट कर दिया है। यह रडार पूर्वी भूमध्य सागर और लेवांत क्षेत्र के आसमान पर नजर रखता था ताकि लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों को पकड़ा जा सके। अभी यह रडार पूरी तरह जलकर मलबे में बदल चुका है। वहीं बात अब ट्रंप परिवार की तो सवाल यह है कि क्या जंग से किसी को फायदा होता है? अमेरिका से एक खबर आने के बाद यह सवाल फिर से पूछा जाने लगा है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक तरफ तो ईरान के खिलाफ जंग छेड़ रखी है तो दूसरी तरफ उनके बेटों एरिक ट्रंप और डोनाल्ड ट्रंप जूनियर ने एक ऐसे नए बिजनेस वेंचर में पैसा लगाया है, जिसका उद्देश्य सैन्य इस्तेमाल वाले ऑटोनॉमस ड्रोन बनाना है, जिनमें डिफेंस सिस्टम भी शामिल हैं। इससे हितों के



टकराव (कॉनलिक्ट ऑफ इंटरेस्ट) को लेकर नए सवाल उठ रहे हैं, क्योंकि खुद अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में दोनों के पिता, डोनाल्ड ट्रंप ईरान में सैन्य कार्रवाई का नेतृत्व कर रहे हैं। यह रिपोर्ट न्यूज एजेंसी एएफपी ने छापी है। इसमें लिखा है कि ऑरियस ग्रीनवे होल्डिंग्स इंक के एक प्रेस रिलीज के अनुसार, एरिक ट्रंप और डोनाल्ड ट्रंप जूनियर ऑटोनॉमस ड्रोन कंपनी च्वूमतने और सार्वजनिक रूप से सूचीबद्ध कंपनीऑरियस ग्रीनवे होल्डिंग्स इंक के विलय में "प्रमुख निवेशक" हैं। ऑरियस ग्रीनवे होल्डिंग्स इंक लोरिडा में गोल्फ कोर्स का प्रबंधन (मैनेजमेंट देखना) करती है। प्रेस रिलीज के अनुसार, विलय के बाद जो नई संयुक्त कंपनी बनेगी, उसका नाम च्वूमतने होगा। यह कंपनी "उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में सैन्य और व्यावसायिक उपयोग" के लिए ऑटोनॉमस ड्रोन बनाएगी। प्रेस रिलीज में यह भी कहा गया कि मिडिल ईस्ट में जारी युद्ध इस बात का सबूत है कि यह प्रोजेक्ट कितना जरूरी है। ऑरियस ग्रीनवे होल्डिंग्स के अंतरिम ब्म्व मैथ्यू सेकर ने कहा, "च्वूमतने जैसी कंपनियों द्वारा बनाई जाने वाली ऑटोनॉमस तकनीकों की आवश्यकता और उनके उपयोग, मिडिल ईस्ट और अन्य जगहों के घटनाक्रमों के कारण आज प्रमुख खबर बने हुए हैं।" उन्होंने कहा, "यह बिजनेस विलय केवल ।ळभ् के शेयरधारकों के लिए एक आकर्षक अवसर ही नहीं है, बल्कि मौजूदा भू–राजनीतिक अनिश्चितताओं के कारण और भी अधिक प्रासंगिक हो गया है।" एएफपी की रिपोर्ट के अनुसार गैर–सरकारी संगठन सिटीजन फॉर रिस्पॉन्सिबिलिटी एंड एथिक्स इन वाशिंगटन के उपाध्यक्ष जॉर्डन लिबोविट्ज ने च्वूमतने वेंचर को ऐसी सरकार में भौंहें उठाने वाला मामला बताया, जो पहले से ही हितों के टकराव से जुड़े कई विवादों से भरी हुई है। लिबोविट्ज ने कहा, "यह ऐसे समय में हो रहा है जब रिपोर्टों के अनुसार युद्ध के कारण ड्रोन की संख्या की बहुत ज़्यादा जरूरत है, और यह युद्ध आंशिक रूप से ट्रंप द्वारा शुरू किया गया था, जो उतने समय तक चलेगा जितना समय राष्ट्रपति चाहेंगे।" उन्होंने आगे कहा, "इससे चिंता पैदा होती है कि राष्ट्रपति ने अमेरिका को ऐसे युद्ध में शामिल कर दिया है जिससे संभवतः उनके अपने परिवार को आर्थिक फायदा हो सकता है।" डोनाल्ड ट्रंप जूनियर इससे पहले भी एक अन्य ड्रोन स्टार्टअप न्दनेनंस डंबीपदमे में निवेश कर चुके हैं। ।ळभ् के प्रेस रिलीज में इस कंपनी को च्वूमतने वेंचर का समर्थक भी बताया गया है। संगठनसिटीजन फॉर रिस्पॉन्सिबिलिटी एंड एथिक्स इन वाशिंगटन पहले भी कई रिपोर्ट जारी कर चुका है, जिनमें ट्रंप प्रशासन पर हितों के टकराव के आरोप लगाए गए हैं। इन आरोपों में ट्रंप परिवार के क्रिप्टोकरेंसी कारोबार और व्हाइट हाउस द्वारा डिजिटल करेंसी के प्रचार के बीच संबंध भी शामिल हैं।

# ईरान-अमेरिका युद्ध में फंस गया पाकिस्तान!



शबाब हुसैन

ईरान के खिलाफ अमेरिका और इजरायल के जंग ने पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान के सामने बड़ा संकट खड़ा कर दिया है। पहले से ही आर्थिक तंगी से जूझते पाकिस्तान के लिए यह जंग तेल संकट खड़ा करती दिख रही। ऐसे में पाकिस्तान के अंदर आनन–फानन में बैठके हो रही हैं, वहां फैसले लिए जा रहे हैं। तेल बचाने के लिए वर्क–फ्रॉम–होम और ऑनलाइन पढ़ाई जैसे कदमों पर भी फैसला लिया गया है और आज इसपर मुहर लग सकती है। इसपर सैद्धान्तिक रूप से निर्णय ले भी लिया गया है। यह फैसला प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ द्वारा बनाई गई कैबिनेट समिति की बैठक में लिया गया। यह समिति क्षेत्रीय हालात के कारण पेट्रोल की कीमतों पर नजर रख रही है। यह जानकारी पाकिस्तानी अखबार ने डॉन ने दी है. प्रांतों से सलाह लेकर तैयार किया गया राष्ट्रीय कार्ययोजना शहबाज शरीफ के सामने पेश की जाएगी। उनकी मंजूरी के बाद इसे संघीय कैबिनेट की आर्थिक समन्वय समिति (ईसीसी) के पास औपचारिक मंजूरी और लागू करने के लिए भेजा जाएगा। रिपोर्ट के अनुसार स्थिति की गंभीरता को देखते हुए इन तीनों मंचों की लगातार बैठकें होंगी। साथ ही आपात स्थिति के उपायों पर इंटरनेशनल मॉनिटरी फंड से भी चर्चा की गई है। यह फैसला ऐसे समय आया है जब अमेरिका और इजरायल का ईरान के साथ युद्ध 12वें दिन में पहुंच गया है। इसके कारण सप्लाई चेन प्रभावित हो रही है, क्योंकि जहाजों का होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरना लगभग रुक गया है। हॉर्मुज जलडमरूमध्य एक संकरी समुद्री राह है जो फारस की खाड़ी को ओमान की खाड़ी से जोड़ती है। दुनिया के करीब पांचवें हिस्से का तेल इसी रास्ते से गुजरता है। अमेरिका और इजरायल के संयुक्त हमलों के जवाब में ईरान ने जहाजों पर कई हमले किए हैं, जिसके बाद यह समुद्री रास्ता लगभग बंद हो गया है।

डॉन की रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान के पास पेट्रोल और डीजल का 5 लाख टन से ज्यादा भंडार मौजूद है, जो क्रमशः लगभग 26 दिन और 25 दिन तक चल सकता है। पाकिस्तान पहले ही सऊदी अरब से औपचारिक अनुरोध कर चुका है कि तेल सप्लाई बनाए रखने के लिए लाल सागर के वैकल्पिक समुद्री रास्ते से तेल भेजा जाए। पाकिस्तानी वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट समिति की बैठक में संघीय मंत्रालयों और प्रांतीय सरकारों ने कहा कि उन्हें कोविड 19 महामारी के दौरान भी इसी तरह की स्थिति का सामना करना पड़ा था। रिपोर्ट के अनुसार स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों को छोड़कर बाकी लगभग सभी आपात कदम, जैसे वर्क–फ्रॉम–होम, ऑनलाइन पढ़ाई और कार–पूलिंग, अगले हते से फिर शुरू किए जा सकते हैं ताकि यूल, ऊर्जा और विदेशी मुद्रा की बचत हो सके और बजट तथा सरकारी खर्च पर दबाव कम हो। इस बीच आधिकारिक बयान के अनुसार बैठक में ऊर्जा क्षेत्र की स्थिति की भी समीक्षा की गई और बदलती क्षेत्रीय तथा वैश्विक ऊर्जा स्थिति के बीच देश की तैयारी का आकलन किया गया। साथ ही पूरे देश में पेट्रोलियम उत्पादों के भंडार की स्थिति का भी विस्तार से जायजा लिया गया।

जैसा कि उल्लेखनीय है कि ईरान ने अमेरिका और इजरायल के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है और लगातार हमले कर रहा है। इसके अलावा मिडिल ईस्ट के कई देशों पर भी मिसाइल अटैक हो रहे हैं, ऐसे में इन देशों में स्कूलों को बंद रखा जा रहा है। सीबीएसई ने भी मिडिल ईस्ट देशों में होने वाली बोर्ड परीक्षाओं को टाल दिया है। इसी बीच पाकिस्तान से भी स्कूल और कॉलेज बंद होने की खबरें सामने आ रही हैं। इसका कारण हमले का डर नहीं, बल्कि देश को महंगाई की मार से बचाना है। पाकिस्तान में स्कूल–कॉलेज कब तक बंद रखे जाएंगे और इसके पीछे सरकार क्या तर्क दे रही है। मिडिल ईस्ट संकट के बीच क्रूड ऑयल की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। पाकिस्तान में इसके चलते पेट्रोल में 55 रुपये लीटर की बढ़ोतरी की गई है, जिससे वहां के लोग नाराज दिख रहे हैं। ऐसे में पाकिस्तानी सरकार लोगों को शांत रखने के लिए नए–नए तरीके अपना रही है। बताया जा रहा है कि स्कूल–कॉलेज बंद रखने का फैसला भी इसीलिए लिया गया है। इसके अलावा दतरों में भी कुछ दिन का वर्क फ्रॉम होम दिया जा रहा है। पाकिस्तान में स्कूलों को फिलहाल दो हते के लिए बंद किया गया है। बताया गया है कि हायर एजुकेशन की क्लासेस ऑनलाइन मोड पर चलाई जाएंगीं। लोगों की नाराजगी और पेट्रोल पर होने वाले खर्चे को कम करने के लिए सरकार का ये तरीका लोगों को पसंद नहीं आ रहा है। सोशल मीडिया पर लोग इसे लेकर गुस्सा जाहिर कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि सरकारी अधिकारियों और नेताओं के लिए करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं, वहीं लोगों को 300 रुपये से ज्यादा का पेट्रोल दिया जा रहा है। लोगों के इसी गुस्से से बचने के लिए सरकार ने अब उन्हें घर पर रखने का फैसला किया है। भले ही सरकार ने लोगों को शांत करने के लिए स्कूल–कॉलेज बंद रखने का ये फैसला लिया हो, लेकिन इसका सीधा नुकसान पढ़ाई करने वाले बच्चों को होगा। सरकार की नाकामी के चलते हुई इन छुट्टियों के चलते कई बच्चों का सिलेबस छूट सकता है। पाकिस्तान में अगर हालात ऐसे ही रहे और तेल का जुगाड़ नहीं हुआ तो हालात और भी बिगड़ सकते हैं।

# कैरियर पिजन सर्विस अभी भी जीवित

रजनीश कपूर

ओडिशा पुलिस की यह सेवा अनूठी है। 1946 में, द्वितीय विश्व युद्ध के ठीक बाद, ओडिशा पुलिस ने इसे शुरू किया। सबसे पहले नक्सल प्रभावित कोरापुट जिले में प्रयोग किया गया। धीरे–धीरे यह 38 स्थानों (जिलों, सब–डिवीजनों, सर्कलों और पुलिस स्टेशनों) तक फैल गई। इस सेवा के चरम पर 19 श्पिजन लॉफ्ट्य सक्रिय थे, जहां 1500 से अधिक प्रशिक्षित कबूतर तैनात थे। आज के डिजिटल युग में जहां व्हाट्सएप, वीडियो कॉल, इंटरनेट और सैटेलाइट फोन से पल भर में संदेश दुनिया के किसी भी कोने में पहुंच जाते हैं, वहां एक प्राचीन संचार माध्यम अभी भी जीवित है दृ श्कैरियर पिजन सर्विस्य। यह कोई काल्पनिक कहानी नहीं, बल्कि वास्तविकता है। ओडिशा पुलिस की कैरियर पिजन सर्विस दुनिया की एकमात्र ऐसी पुलिस फोर्स है जो इस विरासत को आज भी संरक्षित रखे हुए है। यह सेवा न सिर्फ इतिहास की याद दिलाती है, बल्कि प्राकृतिक आपदाओं में जब आधुनिक संचार व्यवस्था ध्वस्त हो जाती है, तब एक विश्वसनीय बैकअप के रूप में काम आती है। एक ऐसा माध्यम जो हजारों वर्षों से मानव सभ्यता का अभिन्न अंग रहा है। श्कैरियर पिजन्य या श्होमिंग पिजन्य का इतिहास प्राचीन काल से जुड़ा है। मिस्र में लगभग 3000 ईसा पूर्व से ही कबूतरों को संदेशवाहक के रूप में इस्तेमाल किया जाता था। फारस, यूनान और रोमन साम्राज्य में इनकी व्यापक उपयोगिता थी। यूनानियों ने ओलंपिक खेलों के परिणाम इन कबूतरों के जरिए शहर–दर–शहर पहुंचाए। चंगेज खान ने अपने विशाल साम्राज्य में श्पिजन नेटवर्क्य स्थापित किया। मध्यकाल में यूरोप के युद्धों और मध्य पूर्व के व्यापारियों ने इनका सहारा लिया। भारत में भी यह परंपरा बहुत पुरानी है। चंद्रगुप्त मौर्य के काल में फारसी प्रभाव से श्पिजन पोस्ट्य शुरू हुई थी। मुगल और ब्रिटिश काल में पुलिस और सेना दोनों ने इसका इस्तेमाल किया। प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध में श्कैरियर पिजनोंय ने जान भी बचाई, फ्रांस में श्चेर आमीय नामक कबूतर ने 194 अमेरिकी सैनिकों की जान बचाई थी। भारत में भी ब्रिटिश काल से पुलिस स्टेशनों के बीच संचार के लिए श्पिजन सर्विस्य चली आ रही थी। लेकिन आज की बात करें तो ओडिशा पुलिस की यह सेवा अनूठी है। 1946 में, द्वितीय विश्व युद्ध के ठीक बाद, ओडिशा पुलिस ने इसे शुरू किया। सबसे पहले नक्सल प्रभावित कोरापुट जिले में प्रयोग किया गया। धीरे–धीरे यह 38 स्थानों (जिलों, सब–डिवीजनों, सर्कलों और पुलिस स्टेशनों) तक फैल गई। इस सेवा के चरम पर 19 श्पिजन लॉफ्ट्य सक्रिय थे, जहां 1500 से अधिक प्रशिक्षित कबूतर तैनात थे। हर लॉफ्ट पर एक इंस्पेक्टर, तीन सब–इंस्पेक्टर, एक सहायक सब–इंस्पेक्टर और 35 कांस्टेबल तैनात थे। यह सेवा न सिर्फ सामान्य संचार, बल्कि चुनावों और आपदाओं में भी काम आई। 1976–77 के चुनावों और 1982 के श्फ्लैश फ्लड्स्य में जब सड़कें–ब्रिज बह गए और वायरलेस–टेलीफोन फेल हो गए, तब इन कबूतरों ने सरकारी संदेश पहुंचाए। सबसे रोचक घटना 13 अप्रैल 1948 की है। तब भारत के प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू संबलपुर, ओडिशा में थे। उन्हें 265 किलोमीटर दूर कटक में तत्काल निर्देश भेजने थे, सुबह 6 बजे नेहरू का हस्तलिखित संदेश लेकर एक श्कैरियर पिजन्य उड़ा। ठीक 11रू20 पर, यानी महज 5 घंटे 20 मिनट में, वह कटक पहुंच गया। जब नेहरू खुद कटक पहुंचे तो अपना मूल संदेश और वही कबूतर देखकर दंग रह गए, वे हैरान और प्रसन्न थे। यह घटना ओडिशा पुलिस की श्पिजन सर्विस्य की विश्वसनीयता का जीवंत प्रमाण है। 1954 में दिल्ली में



अंतरराष्ट्रीय डाक प्रदर्शनी में इन कबूतरों का प्रदर्शन किया गया। 1989 में तत्कालीन राष्ट्रपति आर। वेंकटरामन जब कटक आए तो इन कबूतरों को देखकर मुग्ध हो गए। 1999 के श्सुपर साइक्लोन्य में जब तटीय इलाकों में संचार लाइनें पूरी तरह ठप हो गईं, तब इन कबूतरों ने लाज रखी। इनकी गति औसतन 55 से 80 किलोमीटर प्रति घंटा होती है। ये एक बार में 400–500 किलोमीटर उड़ने की क्षमता रखते हैं। श्बेल्जियन होमरस्य नस्ल के ये कबूतर चुंबकीय क्षेत्र का पता लगाकर अपने घोंसले तक आसानी से पहुंच जाते हैं। 2008 में आधुनिक संचार के चलते इसे औपचारिक रूप से बंद कर दिया गया। लेकिन ओडिशा पुलिस ने इसे पूरी तरह खत्म नहीं होने दिया। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के आदेश पर दो श्लॉफ्ट्य अभी भी बरकरार रखे गए, एक कटक में ओडिशा पुलिस मुख्यालय पर 105 श्बेल्जियन होमर पिजन्य और दूसरा अंगुल के पुलिस ट्रेनिंग कॉलेज पर 44 पिजन। कुल लगभग 150 प्रशिक्षित कबूतर आज भी सेवा में हैं। अब इन्हें सिर्फ सांस्कृतिक और औपचारिक उपयोग के लिए रखा गया है। ये कबूतर गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस की परेड में शांति, प्रेम और स्वतंत्रता का संदेश लेकर उड़ते हैं। हाल ही में भुवनेश्वर में 25 कबूतरों ने 30 किलोमीटर की दूरी मात्र 29 मिनट में तय की। आज जब साइबर हमले, प्राकृतिक आपदाएं और इमरजेंसी में मोबाइल नेटवर्क फेल हो जाते हैं, तब यह सेवा सिर्फ विरासत नहीं, बल्कि सुरक्षा की गारंटी है। ओडिशा पुलिस के स्पेशल डीजी (कम्युनिकेशंस) अरुण रे के अनुसार, ष्यह भारत का सबसे अच्छा रखा गया राज है।ष गौरतलब है कि सीएजी ने इसकी लागत पर आपत्ति जताई थी, लेकिन मुख्यमंत्री ने साफ कहा, षविरासत को बचाओ।ष

यह सेवा हमें सिखाती है कि प्रगति का मतलब पुरानी चीजों को फेंकना नहीं, बल्कि उन्हें संभाल कर रखना है। आज युवा पीढ़ी स्मार्टफोन पर जीती है, लेकिन जब वे इन कबूतरों को उड़ते देखते हैं तो इतिहास जीवंत हो उठता है। ऐसे में यदि स्कूलों–कॉलेजों व अन्य कार्यकर्मों में इनका प्रदर्शन करवाया जाए, तो न सिर्फ नई पीढ़ी को बरसों पुरानी विरासत जानने का मौका मिलेगा बल्कि पर्यटन को भी बढ़ावा मिले। ड्रोन और सैटेलाइट के युग में भी ये पंख वाले डाकिया हमें याद दिलाते हैं कि प्रकृति की शक्ति आज भी अजेय है।

ओडिशा पुलिस की यह पहल दुनिया के लिए मिसाल है। अमेरिका, यूरोप या एशिया की कोई अन्य पुलिस फोर्स आज ऐसा नहीं कर रही। यह सिर्फ ओडिशा का गौरव नहीं, बल्कि पूरे भारत की सांस्कृतिक विरासत है। हमें इसे और मजबूत करना चाहिए। ज्यादा श्लॉफ्ट्य, ज्यादा प्रशिक्षण, ज्यादा जागरूकता किया जाए। क्योंकि संचार सिर्फ तकनीक नहीं, बल्कि विश्वास और विश्वसनीयता का मामला है। जब आधुनिक दुनिया इंस्टेंट मैसेजिंग पर निर्भर है, तब ये उड़नहार संदेशवाहक हमें सिखाते हैं दृ कुछ चीजें कभी पुरानी नहीं होतीं, वे सिर्फ विरासत बन जाती हैं। ओडिशा पुलिस की श्कैरियर पिजन सर्विस्य इसी विरासत का जीवंत प्रतीक है। इसे बचाए रखना हमारी जिम्मेदारी है, ताकि आने वाली पीढ़ियां भी इन पंखों की उड़ान में इतिहास को महसूस कर सकें।

# छोटी सी बात पर दो परिवारों में विवाद, जमकर मारपीट

## – मारपीट में दो लोग गंभीर घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर। रेहड़ थाना क्षेत्र के गांव छतरी पट्टा में बच्चों की आपसी कहासुनी को लेकर दो परिवारों के बीच विवाद हो गया, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। मारपीट की इस घटना में दोनों पक्षों के दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार बुधवार शाम करीब साढ़े छह बजे गांव छतरी पट्टा में बच्चों के बीच किसी बात



को लेकर कहासुनी हो गई। बच्चों का विवाद धीरे–धीरे बढ़कर उनके परिजनों तक पहुंच गया और दोनों परिवार आमने–सामने आ गए। देखते ही देखते कहासुनी मारपीट में बदल गई और दोनों पक्षों में जमकर हाथापाई हुई। इस दौरान एक पक्ष से अमीर अहमद (31) पुत्र लियाकत तथा दूसरे पक्ष से परवीन (37) पत्नी शौकत गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अफजलगढ़ में भर्ती कराया गया। उधर, गांव में झगड़े की सूचना मिलने पर रेहड़ थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और ग्रामीणों से घटना की जानकारी जुटाई। सीएचसी अफजलगढ़ में चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि घायल अमीर अहमद की हालत नाजुक बनी हुई है। घटना के बाद गांव में कुछ देर के लिए अफरा–तफरी का माहौल बन गया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

# मकानसूचीकरण को लेकर फील्ड ट्रेनर्स का गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर। जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना की तैयारियों को लेकर जनपद में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला बिजनौर में नियुक्त कुल 124 फील्ड ट्रेनर्स में से प्रथम बैच के 40 फील्ड ट्रेनर्स के लिए तीन दिवसीय गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों द्वारा प्रशिक्षण की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे फील्ड ट्रेनर्स को जनगणना कार्य से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। इस दौरान बताया गया कि जनगणना के प्रथम चरण में मकानों की सूची तैयार करने, मकानों की गणना करने तथा संबंधित आंकड़ों को सही तरीके से संकलित करने की प्रक्रिया पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। अधिकारियों ने कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, इसलिए इसमें पूरी गंभीरता, पारदर्शिता और सटीकता के साथ कार्य किया जाना आवश्यक है। प्रशिक्षण के दौरान फील्ड ट्रेनर्स को डिजिटल माध्यम से डेटा संकलन, फॉर्म भरने की प्रक्रिया, क्षेत्र में सर्वेक्षण करने की विधि तथा आम नागरिकों से समन्वय स्थापित करने के तरीके भी समझाए गए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने प्रशिक्षण की गुणवत्ता का जायजा लिया और प्रशिक्षुओं को निर्देश दिए कि वे प्रशिक्षण में प्राप्त जानकारी को अपने–अपने क्षेत्रों में कार्यरत गणनाकर्मियों तक सही ढंग से पहुंचाएं, ताकि जनगणना का कार्य निर्धारित समय सीमा में सफलतापूर्वक पूरा किया जा सके। जनपद में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य जनगणना 2027 के प्रथम चरण को व्यवस्थित और प्रभावी तरीके से संपन्न कराना है, जिससे सटीक आंकड़ों के आधार पर भविष्य की विकास योजनाओं को तैयार किया जा सके।

# ऑटो में मिला लड़की का मोबाइल पुलिस चौकी में कराया जमा

## – जागेश्वर फौजी की ईमानदारी की हुई सराहना

न्यूज वाणी ब्यूरो

कानपुर। ईमानदारी और जिम्मेदारी का एक सराहनीय उदाहरण उस समय देखने को मिला जब फतेहपुर जनपद के निवासी और नेशनल मीडिया प्रेस क्लब कानपुर के राष्ट्रीय जनरल सेक्रेटरी, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के प्रदेश मीडिया प्रभारी, राष्ट्रीय ग्रुप हनुमान मंदिर उस्मानपुर के वरिष्ठ प्रदेश मीडिया प्रभारी तथा समाचार पत्र चैनल के प्रधान संपादक जागेश्वर फौजी ने ऑटो में छूटा एक लड़की का मोबाइल फोन पुलिस चौकी में जमा कराकर मानवता और ईमानदारी की मिसाल पेश की। जानकारी के अनुसार 12 मार्च को जागेश्वर फौजी अपने निजी कार्य से कानपुर गए हुए थे। दोपहर लगभग 1 बजे वह रावतपुर से घंटाघर जाने के लिए ऑटो रिक्शा में बैठे। कुछ दूरी तय करने के बाद उन्होंने देखा कि ऑटो में बैठी एक लड़की का मोबाइल फोन गलती से वहीं छूट गया है। जागेश्वर फौजी ने जब यह बात ऑटो ड्राइवर और वहां बैठे एक अन्य व्यक्ति को बताई तो उन्होंने मोबाइल अपने पास लेकर लड़की को देने की बात कही। लेकिन जागेश्वर फौजी ने जिम्मेदारी दिखाते हुए फोन किसी को देने से मना कर दिया और कहा कि मोबाइल को नजदीकी पुलिस चौकी या थाने में जमा कराना ही उचित होगा, ताकि असली मालिक को सुरक्षित वापस मिल सके। इसके बाद वह घंटाघर के पास स्थित सुतरखाना पुलिस चौकी पहुंचे और मोबाइल फोन को वहां के चौकी प्रभारी सुमित कुमार को सुपुर्द कर दिया। इसी दौरान मोबाइल पर उस लड़की का फोन आया, जिसने बताया कि मोबाइल उसका है और ऑटो में छूट गया था। उसे बताया गया कि उसका फोन पुलिस चौकी में सुरक्षित रखा गया है और वह वहां आकर उसे प्राप्त कर सकती है। कुछ ही देर बाद वह लड़की अपने भाई के साथ चौकी पहुंची। पुलिस की मौजूदगी में मोबाइल फोन उसके भाई को सौंप दिया गया। अपना मोबाइल सुरक्षित पाकर लड़की और उसके भाई ने राहत की सांस ली और जागेश्वर फौजी तथा पुलिस का आभार व्यक्त किया। इस सराहनीय कार्य के लिए चौकी प्रभारी सुमित कुमार, इंस्पेक्टर कमालुद्दीन टीएसआई सहित चौकी पर मौजूद पुलिस स्टाफ ने जागेश्वर फौजी की ईमानदारी और जिम्मेदारी की प्रशंसा करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया। वहीं जागेश्वर फौजी ने भी पुलिस द्वारा निभाई गई मानवता और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। बाद में पुलिस स्टाफ ने उन्हें सम्मानपूर्वक रेलवे स्टेशन के लिए विदा किया। यह घटना समाज में ईमानदारी और जिम्मेदारी का एक प्रेरणादायक उदाहरण बनकर सामने आई है, जिसकी स्थानीय लोगों द्वारा भी सराहना की जा रही है।

# राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष ने महिला चिकित्सालय का किया निरीक्षण

## – मरीजों व परिजनों से वार्ता कर जाना स्वास्थ्य हाल



न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ बबीता सिंह चौहान द्वारा महिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया गया। मा० अध्यक्ष ने महिला वार्ड, अल्ट्रासाउंड कक्ष में जा कर स्वास्थ्य लाभ ले रहे मरीजों तथा उनके साथ के परिजनों से बात चीत कर उनके स्वास्थ्य लाभ की जानकारी प्राप्त कर चिकित्सालय की व्यवस्था का भी हाल जाना। मातृ शिशु विंग, ओपीडी कक्ष, केएमसी, आपरेशन थियेटर, निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष ने पूरे परिसर में सफाई पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा। इस दौरान नवजात बच्चियों के माताओं तथा परिवारजनो से मुलाकात कर कहा कि बच्चियों के जन्म पर उदास न हो बल्कि उत्सव मनाए। बेटे–बेटी में किसी भी प्रकार का भेदभाव ना करें बेटियों को भी अच्छी शिक्षा दे, उनको जागरूक करे, आजादी दे उनके सपनो को दबाए नहीं बल्कि उनके सपनो को साकार करने में उनका भरपूर सहयोग करे। अध्यक्ष ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के अंतर्गत नवजात बच्चियों के जन्म के अवसर पर कन्या जन्मोत्सव केक काट कर मनाया तथा माताओं को बेबी किट एवं फल की टोकरी वितरण किया। इसके उपरान्त महिला चिकित्सालय में ही गर्भावती महिलाओं का गोदभराई एवं बच्चो का अन्नप्रासन कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य मेडिकल कालेज आनन्द मिश्रा, सीएमएस उमेश कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय सोनी, राज्य महिला आयोग कि सदस्य सुनीता श्रीवास्तव, सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में छात्राओं से हुआ संवाद

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में छात्राओं से संवाद का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. बबीता सिंह चौहान अध्यक्ष राज्य महिला आयोग उत्तर प्रदेश उपस्थिति रहीं। उनके साथ कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रोफेसर अनिता कुमारी ने की। जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय सोनी एवं महिला आयोग की सदस्य श्रीमती सुनीता श्रीवास्तव विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण आयोग की मा0अध्यक्ष द्वारा महाविद्यालय की छात्राओं के साथ संवाद स्थापित करना रहा। इस संवाद कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को सशक्त बनाने, उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करने, सुरक्षा सुनिश्चित करने और उन्हें शिक्षा व आत्मनिर्भरता के लिए प्रेरित करना था। मा0 अध्यक्ष ने छात्राओं से निडर, जागरूक और निर्भीक रहने के साथ–साथ आत्मबल,स्वतंत्रता और समानता के विविध पहलुओं पर बातचीत की। उन्होंने छात्राओं को आश्वस्त किया कि वह कभी भी अपनी या अपने परिवार या मोहल्ले की महिलाओं से संबंधी किसी भी समस्या पर उनसे बात कर सकती हैं, उनका सहयोग ले सकती हैं। संवाद के क्रम में छात्राओं ने महिलाओं की सुरक्षा, एसिड अटैक संबंधी कानून और सतर्कता, बाल विवाह की समस्या, दूर दराज के इलाकों में पुलिस पेट्रोलिंग और कैमरे की निगरानी, जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर प्रश्न भी पूछे जिनका यथोचित उत्तर मा0 अध्यक्ष के द्वारा दिया गया। शाइस्ता परवीन, आकांक्षा सिंह, काजल, समायला नाज, आदि छात्राओं ने महिला आयोग की अध्यक्ष से अपनी जिज्ञासाओं का समाधान पाया। कार्यक्रम का संयोजन और संचालन करते हुए लेटिनेंट डॉ. शशिकला जायसवाल ने महिला आयोग की भूमिका उसके दायित्व और उसकी महत्ता से छात्राओं को परिचित कराया। जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय सोनी ने अतिथियों का आभार ज्ञापन किया। कार्यक्रम में डॉ रामनाथ केसरवानी, डॉ निरंजन कुमार यादव, डॉ सारिका सिंह डॉ. शिखा सिंह, डॉ संगीता, महिला थाना प्रभारी नीतू के साथ महिला पुलिस, जिला प्रोबेशन कार्यालय के कर्मचारी, महाविद्यालय की एनसीसी ,राष्ट्रीय सेवा योजना और रेंजर की छात्राएं उपस्थिति रहीं।




# पत्रकार के भाई का हृदयगति रुक जाने से हुआ निधन



न्यूज वाणी ब्यूरो

लहरपुर, सीतापुर। तहसील क्षेत्र के ग्राम केसरीगंज निवासी पत्रकार अभिनव त्रिवेदी के छोटे भाई 27 वर्षीय परीक्षित त्रिवेदी का बुधवार देर रात हृदय गति रुक जाने से आकस्मिक निधन हो गया। गुरुवार सुबह जैसे ही उनके निधन की खबर फैली, परिवार, रिश्तेदारों, पत्रकारों और क्षेत्रीय लोगों में शोक की लहर दौड़ गई। वही पत्रकार अभिनव त्रिवेदी के आवास पर सुबह से ही लोगों का तांता लग गया। बताया जाता है कि परीक्षित त्रिवेदी केसरीगंज में लहरपुर–हरगांव मार्ग पर स्थित अपने निजी प्रतिष्ठान त्रिवेदी मिष्ठान भंडार का संचालन करते थे। अपने मधुर स्वभाव, व्यवहार कुशलता और मेहनत के कारण वह क्षेत्र में काफी लोकप्रिय थे। अचानक हुई इस हृदय विदारक घटना से जहां परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है, वहीं क्षेत्र के लोगों में भी गहरा दुख व्याप्त है। उनके असामयिक निधन से पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल बना हुआ है। कई सामाजिक व पत्रकार संगठनों से जुड़े लोगों ने भी उनके निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट की हैं। जिनमें प्रमुख रूप से वरिष्ठ पत्रकार व शिक्षक अरुण सिंह आचार्य, आकाश सिंह, ओमकार वर्मा, एहतेशाम बेग, हाशिम अंसारी, विपिन अवस्थी,मो० अलीम, सतीश शर्मा, देशप्रीत सिंह, शैलेश त्रिवेदी, दीपक शुक्ला, डॉ एसपी मौर्या, गुड्डू, रिंकू, अनूप, प्रेम कुमार, सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# जिले के 10 परीक्षा केन्द्रों पर सम्मिलित होंगे 4128 परीक्षार्थी

## – उप निरीक्षक संवर्ग की लिखित परीक्षा–2025

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। उ०प्र० पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा आयोजित उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की सीधी भर्ती–2025 की लिखित परीक्षा 14 एवं 15 मार्च को जनपद के 10 परीक्षा केन्द्रों पर 02 पालियों में सम्पन्न होगी। जिसमें कुल 4128 परीक्षार्थी प्रतिभाग करेंगे। परीक्षा केन्द्रवार परीक्षार्थियों की बात की जाये तो परीक्षा केन्द्र आर्य कन्या इण्टर कालेज ब्राहम्णीपुरा 240, आजाद इण्टर कालेज चांदपुरा में 384, राजकीय इण्टर कालेज छावनी बाजार मे 480, गेंद घर स्थित राजकीय बालिका इण्टर कालेज गुलाम अलीपुरा में 384, राजकीय पालिटेक्निक आसाम चौराहा कल्पीपारा में 384, राजकीय पालिटेक्निक मोहम्मदपुर नानपारा रोड निकट आईटी कालेज में 288, किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 720, महराज सिंह इण्टर कालेज में 384, महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिविल लाईन में 480 तथा वैद्य भगवानदीन मिश्र गांधी इण्टर कालेज में 384 इस प्रकार कुल 4128 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। उल्लेखनीय है कि 14 एवं 15 मार्च 2026 को प्रथम पाली में पूर्वान्ह 10:00 बजे से मध्यान्ह 12:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली में अपरान्ह 03:00 बजे से अपरान्ह 05:00 बजे तक आयोजित होने वाली लिखित परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु प्रत्येक केन्द्र पर 01–01 स्टैटिक व सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित किये गये हैं।

# 15 साल के लड़के की पीट-पीटकर हत्या

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। 15 साल के लड़के की लाठी–डंडों से पीटकर हत्या कर दी गई. हल्दी समारोह के दौरान दो युवकों ने उसे फोन कर घर से बुलाया और बेरहमी से हमला कर दिया। जिले में एक दर्दनाक घटना सामने आई है. यहां बड़े भाई की शादी की खुशियां देखते ही देखते मातम में बदल गईं। घर में शादी की तैयारियां चल रही थीं और हल्दी की रस्म का कार्यक्रम हो रहा था, लेकिन इसी दौरान 15 वर्षीय किशोर की बेरहमी से पिटाई कर हत्या कर दी गई। घटना के बाद परिवार और गांव में भारी आक्रोश फैल गया। यह मामला जिले के जंगीपुर थाना क्षेत्र के शेखपुरा उधउपुर गांव का है। मृतक की पहचान 15 वर्षीय सुधरन राजभर के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, सोमवार की देर शाम उसके घर में बड़े भाई की शादी को लेकर हल्दी की रस्म चल रही थी। परिवार और रिश्तेदार इस खुशी के मौके पर जुटे हुए थे। इसी बीच गांव से कुछ दूरी पर रहने वाले दो युवकों ने सुधरन को फोन कर बुलाया। बताया जा रहा है कि फोन आने के बाद सुधरन घर से निकलकर उनसे मिलने चला गया। इसके बाद आरोप है कि दोनों युवकों ने उसे लाठी–डंडों से बुरी तरह पीटना शुरू कर दिया। मारपीट इतनी गंभीर थी कि वह सड़क किनारे लहूलुहान हालत में गिर पड़ा। कुछ देर बाद वहां से गुजर रहे लोगों ने उसे घायल अवस्था में देखा और इस घटना की जानकारी फोन के जरिए उसके परिवार वालों को दी। सूचना मिलते ही परिवार के लोग मौके पर पहुंचे। वहां उन्होंने देखा कि सुधरन खून से लथपथ हालत में सड़क किनारे पड़ा हुआ है और बेहोश है। इसके बाद परिजन उसे तुरंत पास के स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे मऊ जिले के एक अस्पताल में रेफर कर दिया। अस्पताल में उसका इलाज शुरू किया गया, लेकिन हालत लगातार बिगड़ती गई। आखिरकार मंगलवार की सुबह करीब 7 बजे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया. परिजन जब शव को लेकर गांव पहुंचे तो पूरे गांव में गुस्सा फैल गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने कुछ देर के लिए नेशनल हाईवे जाम करने का प्रयास भी किया। हालांकि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और लोगों को समझाकर जाम खुलवाया। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस मामले में अपर पुलिस अधीक्षक सिटी राकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि जंगीपुर थाना क्षेत्र में 15 वर्षीय किशोर को उसके दो परिचित युवकों ने घर से बुलाकर लाठी–डंडों से पीट दिया था, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था. उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, परिवार की तहरीर के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया गया है. प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी युवक बिरनो थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले हैं और मृतक से उनका पहले से विवाद चल रहा था. फिलहाल पुलिस आरोपियों की गिरतारी के लिए लगातार दबिश दे रही है और पूरे मामले की गहन जांच की जा रही है।



# 27 अप्रैल को राष्ट्रपति व राज्यपाल के नाम ज्ञापन देगा राष्ट्रीय गौ रक्षक संघ

## – गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने की उठाई जाएगी मांग



न्यूज वाणी ब्यूरो

शाहजहांपुर, मीरानपुर कटरा। राष्ट्रीय गौ रक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष की मौजूदगी में संगठन की बैठक में यह निर्णय लिया गया कि एक साथ एक दिन संपूर्ण प्रदेश में राष्ट्रपति, राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन देकर गाय माता को राष्ट्रमाता घोषित किए जाने की उठाई जाएगी मांग। तिलहर तहसील क्षेत्र के गांव कसरक स्थित मैरिज लान में राष्ट्रीय गौ रक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष पंडित अजीत शर्मा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। प्रदेश अध्यक्ष ने इस दौरान कहा कि गौ सम्मान और आव्हान अभियान भूले नहीं याद रखें 27 अप्रैल 2026 एक ही दिन एक ही समय संपूर्ण प्रदेश में तहसील स्तर ज्ञापन उपजिलाधिकारी को राष्ट्रपति, मुख्यमंत्री और राज्यपाल संबोधित ज्ञापन देकर गौ माता को राष्ट्रमाता दर्जा दिलाने के लिए सभी लोग ज्यादा से ज्यादा संख्या में अपनी तहसील तिलहर में पहुंचे। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि मथुरा के संत ठाकुर महाराज के आव्हान पर संगठन ने ज्ञापन देने का निर्णय लिया है। इसी बीच मंडल सचिव राजीव गंगवार जिला उपाध्यक्ष आरेंद्र यादव जिला महामंत्री अनुज त्रिवेदी नगर अध्यक्ष .ष्णा गंगवार नगर उपाध्यक्ष ठाकुर अभिजीत प्रताप सिंह तहसील अध्यक्ष नितिन गंगवार केशव मिश्रा दर्जनों गौ रक्षक उपस्थित रहे।

# 50000 रुपए का वांछित इनामिया अंतर्जनपदीय अपराधी गिरफ्तार

## – कुल 10000 रुपये नकदी, अवैध शस्त्र बरामद




न्यूज वाणी ब्यूरो

तालगांव, सीतापुर। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा जनपद में लूट, चोरी, नकबजनी, धोखाधड़ी, ठगी आदि जैसी घटनाओं में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया था इसी क्रम में एसटीएफ की लखनऊ टीम द्वारा मु0अ0सं0 15/2026 धारा 310(2), 111(3), 61(2) बीएनएस थाना तालगांव में वांछित एवं 50000 रुपये का इनामिया अभियुक्त सलीम उर्फ बड़क्के उर्फ पतरके उर्फ मझलके पुत्र स्व0 वशीर अहमद नि0ग्राम रसूलपुर बकैया थाना सकरन को ग्राम ईशापुर मोड़ से गिरतार कर थाने ले गई जहां तत्पश्चात थाना तालगांव पुलिस टीम द्वारा हिकमत अली से कड़ाई से पूछताछ करने अभियुक्त की निशानदेही पर ग्राम रसूलपुर में हुई डकैती की घटना से सम्बन्धित 10,000 रुपये माल मगरूता व 01 अदद तमंचा व 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ। अभियुक्त ने साथियों के साथ मिलकर थाना तालगांव क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर में गांव के बाहर बने एक पक्के घर जो किसी लेखपाल का है, के अन्दर प्रवेश कर तमंचों से लैस होकर वहां मौजूद लोगो को डरा धमकाकर अलमारी का ताला तोड़कर डकैती डाली थी, तत्समय ही घटना के संबंध में थाना तालगांव पर मुअ.सं.15/26 पंजी.त किया गया था। प्रकरण में पूर्व में 10 संलिप्तो को गिरतार किया जा चुका है। वांछित उपरोक्त अभियुक्त सलीम उर्फ बड़क्के उर्फ पतरके उर्फ मझलके की शीघ्रातिशीघ्र गिरतारी सुनिश्चित करने के लिए पुलिस महानिरीक्षक लखनऊ रेन्ज द्वारा 50,000 रुपये का पुरस्कार घोषित किया गया था। गौरतलब है कि गिरतार अभियुक्त शातिर किस्म का अभ्यस्त व अंतर्जनपदीय अपराधी है, इसके विरुद्ध पूर्व में भी खीरी, हरदोई, बाराबंकी व सीतापुर में लूट, चोरी, नकबजनी, अवैध शस्त्र आदि जैसी घटनाओं के संबंध में तीन दर्जन मुकदमें पंजी.त हैं। गिरतार अभियुक्त कर चालान न्यायालय भेजा गया। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल का कहना है कि जनपद में अपराधियों के विरूद्ध निरन्तर प्रभावी कार्यवाही इसी प्रकार प्रचलित रहेगी।

# जिला अस्पताल में केक काटकर मनाया विश्व किडनी दिवस

## – लोगों को किया जागरूक




न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। विश्व किडनी दिवस के अवसर पर जिला अस्पताल स्थित डीसीडीसी किडनी केयर में गुरुवार को विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर केक काटकर विश्व किडनी दिवस मनाया गया और लोगों को किडनी की सेहत के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान सेंटर मैनेजर प्रफुल्ल मिश्रा ने कहा कि आज के समय में बदलती जीवनशैली और अनियमित खान–पान के कारण किडनी से जुड़ी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। ऐसे में लोगों को समय–समय पर स्वास्थ्य जांच करानी चाहिए और पर्याप्त मात्रा में पानी पीने के साथ संतुलित आहार अपनाना चाहिए। इस अवसर पर डॉ आलोक सिंह ने उपस्थित लोगों को किडनी रोग के शुरुआती लक्षण, कारण और उससे बचाव के तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते किडनी की समस्या का पता चल जाए तो उसका इलाज संभव है, इसलिए किसी भी लक्षण को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। कार्यक्रम में टेक्नीशियन खुशबू वर्मा, सुनीत सिंह, जगमोहन, सीमा यादव, प्रियंका मिश्रा, दीपू, छवि, गणेश राठौर सहित मरीजों के अटेंडेंट और अन्य लोग भी मौजूद रहे। सभी ने मिलकर किडनी स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने और समाज में इसके प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। इस दौरान कार्यक्रम का माहौल उत्साहपूर्ण रहा और उपस्थित लोगों को किडनी की देखभाल से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी गईं।

# विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं को प्रथम वरीयता में पूरा करना संकल्प : अखिलेश

न्यूज वाणी ब्यूरो

खैराबाद, सीतापुर। स्थानीय जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में जनपद स्तरीय एक दिवसीय हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जनपद के सभी 19 ब्लॉकों तथा नगर क्षेत्र से उत्कृष्ट कार्य करने वाले लगभग 100 लोगों ने प्रतिभाग किया जिसमें प्रत्येक ब्लॉक से पांच पांच प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया जिसमें एक नोडल शिक्षक, एक नोडल संकुल शिक्षक, एक आंगनबाड़ी सुपरवाइजर, एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ती एक ईसीसीई एजुकेटर यानी प्रत्येक ब्लॉक से पांच प्रतिभागियों के हिसाब से 19 ब्लॉक तथा एक नगर क्षेत्र से कुल एक सौ प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें खैराबाद ब्लॉक से नोडल शिक्षक के रूप में रितम मिश्रा प्राथमिक विद्यालय सरैया चौकी नोडल शिक्षक तथा नोडल संकुल शिक्षक के लिए काजिम हुसैन, आंगनवाड़ी सुपरवाइजर समीक्षा मिश्रा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ती सोनिका तथा ईसीसीई एजुकेटर प्राथमिक विद्यालय सरैया सानी की अदिति मिश्रा ने प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से आर्य कुमार दीक्षित जिला समन्वयक प्रशिक्षण समग्र शिक्षा, एसआरजी आलोक श्रीवास्तव, करुणेश मिश्र, ईसीसीई एजुकेटर नोडल एसआरजी मदनेश मिश्र, डायट प्रवक्ता अमित कुमार ने संबोधित किया। सभी की समस्याओं को सुना और उनका निराकरण भी किया गया। इस अवसर पर सभी उत्कृष्ट कार्य करने वालों को प्रशस्ति प्रमाण पत्र, मोमेंटो तथा जिला अधिकारी महोदय के निर्देशानुसार एक सिंगल बेड की दरी सभी को उपहार में दी गईं। उक्त कार्यक्रम में बाल विकास पुष्टाहार विभाग के अधिकारी कर्मचारी सीडीपीओ के अलावा अन्य लोग भी मौजूद थे। मुख्य अतिथि के रूप में पधारे जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि आप लोग बहुत मेहनत से कार्य करते हैं तो आपको सम्मान मिलना अनिवार्य था वैसे आप शिक्षक हैं और आप स्वयं में ही सम्मानित हैं लेकिन उत्साह वर्धन के लिए यह आवश्यक है। श्री सिंह ने कहा कि विद्यालयों की समस्याओं को प्रथम वरीयता में हल करना हमारा संकल्प है, इसके बाद उत्साहित होकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी महोदय ने शिक्षकों के साथ खूब बातें की उनकी समस्याओं को सुना तथा फोटो ग्रुपिंग भी शिक्षकों ने करवाई। अंत में जिला समन्वयक प्रशिक्षण समग्र शिक्षा आर्य कुमार दीक्षित ने सभी का आभार व्यक्त किया। जबकि ब्लॉक खैराबाद के नोडल एआरपी संजीव पटेरिया को भी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने मोमेंटो तथा उपहार देकर सम्मानित किया। इसी अवसर पर जूनियर हाईस्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ खैराबाद ब्लॉक के वरिष्ठ उपाध्यक्ष काजिम हुसैन ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को अलविदा के अवकाश को करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।





# गैस सिलेंडर की परेशानी से परेशान हो गए किसान




न्यूज वाणी ब्यूरो /जौनपुर। भारत गैस एजेंसी रुधौली ग्राम सभा में बनी हुई है जहां पर कस्टमर गैस के लिए लाइन लगाए बैठे हैं लेकिन उसके बाद में दिन भर एजेंसी का सटर नहीं खुल रहा है जिसकी वजह से आम जनता परेशान है कोई जवाब देने वाला नहीं है। भारत गैस एजेंसी रुधौली में गैस क्यों खत्म है जबकि सरकार कह रही है गैस की कमी कहीं पर नहीं है। गैस एजेंसी के मालिक द्वारा कोई ऐसा कस्टमर के लिए निर्देश नहीं आया है कि क्यों गैस का प्रॉब्लम है लड़ाई की वजह से गैस से लोगों का कहना है दिक्कत आ रही है लेकिन उत्तर प्रदेश सरकार कह रही है। घरेलू गैस में किसी प्रकार की कमी नहीं है सबको गैस दिया जाएगा जिसकी वजह से लोग लाइन लगाए हुए हैं लेकिन गैस नहीं मिल पा रही है। गैस एजेंसी मालिक पिंटू द्वारा फोन नहीं उठाया जा रहा है। जिसकी वजह से आम जनता परेशान है। यह परेशानी कब तक चलेगी उसका कोई अंत नहीं है। जब सरकार कह रही है जनता को जो कि ग्रामीण है गैस की दिक्कत नहीं होगी तो क्यों यह समस्या खड़ी हो रही है। ग्रामीण जनता में 80 परसेंट ऐसे हैं जिनके पास लकड़ी नहीं है वह खाना कैसे बनाएं जिसकी चिंता न तो सरकार को है न हीं गैस मलिक को इस पर सरकार को ध्यान देते हुए ग्रामीण जनता के लिए गैस उपलब्ध कराना चाहिए। एजेंसी के कुछ ऐसे हैं जो कह रहे हैं 1500 दीजिए हम आपको गैस देंगे। उनके लिए तो गैस है लेकिन आम जनता के लिए सही रेट पर गैस उपलब्ध नहीं है। गैस एजेंसी के मालिक को देखना चाहिए उनके ही आदमी गैस की गलत मार्केटिंग कर रहे हैं। इस बात पर गैस मलिक पिंटू को ध्यान देते हुए अपने आदमियों के ऊपर कंट्रोल करना चाहिए।

# सौ के कागज पर करोड़ों की जमीन हथियाने का सुनियोजित षड्यंत्र

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखीमपुर खीरी। जिले में राजस्व विभाग को चूना लगाने का एक ऐसा मामला सामने आया है जिसने प्रशासन की कार्यप्रणाली और भू–माफियाओं के गठजोड़ पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। खीरी टाउन के पॉश इलाके में स्थित करोड़ों रुपये की बेशकीमती सरकारी व निजी भूमि को महज 100 रुपये के स्टाम्प पेपर पर दानपात्र दिखाकर हड़पने का प्रयास किया गया। उपनिबंधक (सदर) की हालिया जांच रिपोर्ट ने न केवल इस अवैध खेल की पुष्टि की है, बल्कि इसमें सरकार को 2738460 के राजस्व की हानि होना भी सिद्ध कर दिया है। यह मामला महज एक स्टाम्प चोरी का नहीं, बल्कि राज्य के निबंधन नियमों और कानून के शासन को चुनौती देने का एक बड़ा उदाहरण बनकर उभरा है। घटना की पृष्ठभूमि और स्थल का महत्व यह मामला खीरी टाउन स्थित पुलिस चौकी के ठीक सामने स्थित एक भूखंड से जुड़ा है। सामरिक और व्यावसायिक .ष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण इस जमीन की कीमत करोड़ों में आंकी गई है। सरकारी दस्तावेजों की पड़ताल करने पर पता चला कि इस बेशकीमती जमीन को पंजी.त कराने के बजाय केवल 100 रुपये के स्टाम्प पेपर पर नोटोरियल दानपत्र के माध्यम से हस्तांतरित करने का दुस्साहस किया गया था। भारतीय पंजीकरण अधिनियम, 1908 की धारा 17(क) यह स्पष्ट निर्देश देती है कि किसी भी अचल संपत्ति का दानपत्र के माध्यम से हस्तांतरण अनिवार्य रूप से पंजी.त होना चाहिए। कानून के इन प्रावधानों को दरकिनार करते हुए, भू–माफियाओं ने एक सामानांतर व्यवस्था बनाने की कोशिश की, जहाँ नियमों को ताक पर रखकर कागजी खेल रचा गया। इस पूरे मामले का पर्दाफाश स्थानीय आरटीआई कार्यकर्ता और पत्रकार रोहित कुमार उर्फ रोहित अवस्थी, खीरी टाउन के प्रमुख समाजसेवी डॉ सलीम खान की सक्रियता के कारण संभव हुआ। खत्री टोला निवासी रोहित अवस्थी ने जब इस अवैध दानपात्र के बारे में जानकारी जुटाई, तो उन्हें एहसास हुआ कि यह केवल एक व्यक्ति का मामला नहीं है, बल्कि करोड़ों रुपये के सरकारी राजस्व की सोची–समझी लूट है। उन्होंने तत्काल साक्ष्यों के साथ सहायक महानिरीक्षक निबंधन के समक्ष शिकायत दर्ज कराई। प्रशासन को इस मामले की गंभीरता का तब अंदाजा हुआ जब तथ्यों ने इशारा किया कि यह खेल पुलिस चौकी के ठीक सामने, यानी कानून के पहरेदारों के सामने ही खेला जा रहा था। सहायक महानिरीक्षक ने तत्परता दिखाते हुए जांच के आदेश दिए, जिसके बाद उपनिबंधक (सदर) ने मामले की तह तक जाने के लिए स्थलीय सत्यापन की प्रक्रिया शुरू की। उपनिबंधक (सदर) द्वारा अपनी रिपोर्ट पत्रांक 25/उ०नि०सदर/2026 में दर्ज किए गए निष्कर्ष बेहद चौकाने वाले हैं। 21 फरवरी 2026 को निबंधन लिपिक श्रेयस श्रीवास्तव के साथ किए गए स्थलीय निरीक्षण के दौरान टीम ने जो पाया, वह कानून के उल्लंघन की एक पराकाष्ठा थी। रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया है कि संपत्ति पर नींव भरी जा रही थी और निर्माण कार्य बिना किसी वैध अनुमति या उचित पंजीकरण के जोर–शोर से चल रहा था। सबसे बड़ी अनियमितता यह पाई गई कि यह संपत्ति एक व्यावसायिक हब के रूप में विकसित हो रहे क्षेत्र में स्थित है। नियमानुसार, यदि कोई संपत्ति ऐसी परिधि में आती है जहाँ 50 मीटर के दायरे में व्यावसायिक गतिविधियां संचालित हैं, तो वहां जिलाधिकारी द्वारा निर्धारित सर्किल रेट पर 30 प्रतिशत की अतिरिक्त वृद्धि लागू होती है। आरोपियों ने न केवल पंजीकरण से बचने के लिए दानपत्र का सहारा लिया, बल्कि इस 30 प्रतिशत व्यावसायिक अधिभार को भी पूरी तरह से नजरअंदाज कर दिया। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख है कि इस क्षेत्र राजापुर आईटीआई चौराहे से खीरी पुलिस चौकी तक की दर 16,600 रुपये प्रति वर्ग मीटर है। कुल 1586.25 वर्ग मीटर क्षेत्रफल की मालियत व्यावसायिक वृद्धि के साथ 3 करोड़ 42 लाख 32 हजार रुपये आंकी गई है। चोरी की भयावहता राजस्व की हानि का विवरण देखने पर पता चलता है कि यह मामला सामान्य चूक का नहीं, बल्कि एक संगठित प्रयास का है। रिपोर्ट के गणितीय आंकड़ों के अनुसार, यदि यह जमीन सही प्रक्रिया से पंजी.त की जाती, तो इस पर 23,96,240 रुपये का स्टाम्प शुल्क और 3,42,320 रुपये का निबंधन शुल्क देय होता। कुल देय राशि 27 लाख 38 हजार 460 रुपये थी, जिसे आरोपियों ने मात्र 100 रुपये के स्टाम्प पेपर के जरिए शून्य करने का प्रयास किया। यह सीधे तौर पर सरकारी खजाने के साथ धोखाधड़ी है। 27 लाख रुपये से अधिक की इस हानि ने यह साबित कर दिया है कि भू–माफिया किस कदर सरकारी तंत्र को धता बता रहे थे। इस मामले को उजागर करने वाले रोहित अवस्थी ने रिपोर्ट आने के बाद और अधिक मुखर रुख अपनाया है। उन्होंने अपने बयान में कहारू ष्यह केवल स्टाम्प चोरी का मामला नहीं है, बल्कि सरकारी तंत्र की आंखों में धूल झोंककर करोड़ों की संपत्ति को हड़पने और राजस्व को नुकसान पहुँचाने का एक संगठित प्रयास है। प्रशासन के नाक के नीचे, पुलिस चौकी के सामने इतना बड़ा खेल चल रहा था और जिम्मेदार मौन थे। जब मुझे इस अवैध दानपत्र की जानकारी मिली, तो मैंने इसे सार्वजनिक हित में उठाने का निर्णय लिया। उपनिबंधक की रिपोर्ट ने मेरे आरोपों को शत–प्रतिशत सही साबित कर दिया है। अवस्थी का रुख प्रशासन के लिए एक चुनौती बन गया है। उन्होंने मांग की है कि केवल स्टाम्प की वसूली ही पर्याप्त नहीं है। उन्होंने कहा कि मेरी मांग है कि इस फर्जीवाड़े में शामिल लोगों पर धोखाधड़ी और सरकारी राजस्व की चोरी के तहत थ्प्त दर्ज की जाए। मैं इस मामले को जिलाधिकारी और मुख्यमंत्री तक ले जाऊंगा ताकि भविष्य में कोई भी भू–माफिया इस तरह की हिम्मत न कर सके। उनके ये शब्द एक ऐसे जागरूक नागरिक की आवाज हैं जो व्यवस्था में सुधार की उम्मीद रखता है। उन्होंने यह भी संकेत दिया है कि वे इस लड़ाई को तब तक जारी रखेंगे जब तक कि न्याय के दायरे में सभी दोषियों के चेहरे बेनकाब न हो जाएं। कानूनी प्रक्रिया और भविष्य की दिशा उपनिबंधक (सदर) ने अपनी विस्तृत आख्या सहायक महानिरीक्षक निबंधन को प्रेषित कर दी है। अब गेंद प्रशासन के पाले में है। भारतीय स्टाम्प अधिनियम की धारा 33 और 47 के अंतर्गत इस मामले में कड़ी कार्रवाई की सिफारिश की गई है। जानकारों का मानना है कि इस मामले में न केवल भारी जुर्माना लगाया जाएगा, बल्कि संपत्ति की कुर्की की प्रक्रिया भी शुरू की जा सकती है। इस मामले ने यह भी प्रश्न खड़ा किया है कि क्या प्रशासन इन रसूखदारों के खिलाफ वही सख्ती अपनाएगा जो एक आम नागरिक के साथ अपनाई जाती है? क्या निबंधन विभाग इस पूरे खेल में शामिल रहे उन अधिकारियों और लिपिकों की भूमिका की भी जांच करेगा जिन्होंने इस फर्जी श्दानपत्रश को स्वीकार करने का संकेत दिया था? लखीमपुर–खीरी का यह श्स्टाम्प कांडश पूरे उत्तर प्रदेश के लिए एक चेतावनी है। जैसे–जैसे शहरीकरण बढ़ रहा है, जमीनों की कीमतें आसमान छू रही हैं और इसी के साथ भू–माफियाओं का सक्रिय होना भी स्वाभाविक हो गया है। रोहित अवस्थी जैसे सामाजिक कार्यकर्ताओं का योगदान यह दर्शाता है कि यदि आम जनता जागरूक हो जाए, तो बड़े से बड़े भ्रष्टाचार की परतें उधेड़ी जा सकती हैं। प्रशासन को अब यह सुनिश्चित करना होगा कि न केवल राजस्व की वसूली हो, बल्कि दोषियों को कठोर दंड मिले। जनता की निगाहें अब जिला प्रशासन के अगले कदम पर हैं। क्या प्रशासन का यह रुख केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित रहेगा, या फिर यह भू–माफियाओं के लिए एक मिसाल बनेगा? यह आने वाला समय बताएगा, लेकिन एक बात साफ है कि खीरी टाउन की इस घटना ने सरकारी व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही की मांग को और अधिक तेज कर दिया है।

## आयल-गैस की सुगम आपूर्ति के लिए नगर क्षेत्र व तहसीलों के लिए गठित की टीमें

न्यूज वाणी ब्यूरो /बहराइच। जनपद में डीजल, पेट्रोल पम्पों व गैस एजेन्सियों पर सतत निगरानी रखते हुए डीजल–पेट्रोल व गैस सिलेण्डरों की जमाखोरी पर प्रभावी नियंत्रण बनाये रखने, डीजल–पेट्रोल पम्पों एवं गैस एजेन्सियों पर उपस्थित नागरिकों को नियमानुसार डीजल–पेट्रोल एवं गैस सिलेण्डर की नियमानुसार आपूर्ति सुनिश्चित कराये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा समस्त तहसीलों में सम्बन्धित उप जिलाधिकारियों एवं नगर क्षेत्र के लिए नगर मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में टीमों का गठन किया गया है। जिलाधिकारी द्वारा गठित टीमों को निर्देशित किया गया है कि अपने–अपने क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील रहकर कार्यरत डीजल–पेट्रोल पम्पों व गैस एजेन्सियों पर सतत् निगरानी रखते हुए डीजल–पेट्रोल व गैस सिलेण्डरों की जमाखोरी पर प्रभावी नियंत्रण बनाये रखते हुए डीजल–पेट्रोल पम्पों एवं गैस एजेन्सियों पर उपस्थित नागरिकों को नियमानुसार डीजल–पेट्रोल एवं गैस सिलेण्डर की आपूर्ति सुनिश्चित करायें तथा यदि गैस एजेन्सियों, पम्प धारकों द्वारा किसी प्रकार की अनियमितता, मनमानी किया जाना पाया जाता है तो सम्बन्धित के विरूद्ध सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत विधिक कार्यवाही हेतु आख्या प्रस्तुत करें, ताकि सम्बन्धित के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही की जा सके। नगर क्षेत्र के लिए गठित टीम में नगर मजिस्ट्रेट, जिला पूर्ति अधिकारी, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी, पूर्ति निरीक्षक नगर, सम्बन्धित क्षेत्राधिकारी, थानाध्यक्ष, वरिष्ठ निरीक्षक विधिक माप विज्ञान, ऑयल कम्पनी तथा एल.पी.जी. कम्पनी के विक्रय अधिकारी सम्मिलित है। तहसील सदर के लिए उप जिलाधिकारी, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी, पूर्ति निरीक्षक चित्तौरा, रिसिया, हुजूरपुर, तेजवापुर, क्षेत्राधिकारी, थानाध्यक्ष, वरिष्ठ निरीक्षक विधिक माप विज्ञान, ऑयल कम्पनी तथा एल.पी.जी. कम्पनी के विक्रय अधिकारी तथा तहसील पयागपुर के लिए उप जिलाधिकारी, सम्बन्धित क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी, पूर्ति निरीक्षक पयागपुर, विशेश्वरगंज एवं हुजूरपुर, सम्बन्धित क्षेत्राधिकारी, थानाध्यक्ष, वरिष्ठ निरीक्षक विधिक माप विज्ञान, ऑयल कम्पनी तथा एल.पी.जी. कम्पनी के विक्रय अधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी प्रकार तहसील कैसरगंज क्षेत्र के लिए उप जिलाधिकारी, सम्बन्धित क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी, पूर्ति निरीक्षक कैसरगंज, जरवल, फखरपुर एवं हुजूरपुर, क्षेत्राधिकारी, थानाध्यक्ष कैसरगंज, वरिष्ठ निरीक्षक विधिक माप विज्ञान, ऑयल कम्पनी तथा एल.पी.जी. कम्पनी के विक्रय अधिकारी, तहसील महसी के लिए उप जिलाधिकारी, सम्बन्धित क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी, पूर्ति निरीक्षक महसी, तेजवापुर व शिवपुर, क्षेत्राधिकारी, थानाध्यक्ष महसी, वरिष्ठ निरीक्षक विधिक माप विज्ञान, ऑयल कम्पनी तथा एल.पी.जी. कम्पनी के विक्रय अधिकारी, तहसील नानपारा के लिए उप जिलाधिकारी, सम्बन्धित क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी, पूर्ति निरीक्षक नवाबगंज, शिवपुर, बलहा व रिसिया, क्षेत्राधिकारी, थानाध्यक्ष नानपारा, वरिष्ठ निरीक्षक विधिक माप विज्ञान, ऑयल कम्पनी तथा एल.पी.जी. कम्पनी के विक्रय अधिकारी तथा तहसील क्षेत्र मोतीपुर के लिए उप जिलाधिकारी, सम्बन्धित क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी, पूर्ति निरीक्षक मिहींपुरवा व बलहा, क्षेत्राधिकारी, थानाध्यक्ष मोतीपुर, वरिष्ठ निरीक्षक विधिक माप विज्ञान, ऑयल कम्पनी तथा एल.पी.जी. कम्पनी के विक्रय अधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## गैस एजेंसी का एसडीएम मोनालिसा ने किया निरीक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच, नानपारा। तहसील नानपारा क्षेत्र में घरेलू एलपीजी गैस की उपलब्धता का जायजा लेने के लिए एसडीएम नानपारा मोनालिसा जौहरी ने जिला पूर्ति अधिकारी नरेंद्र तिवारी, पूर्ति निरीक्षक बलहा, नबाबगंज के साथ विभिन्न गैस एजेंसियों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गैस गोदाम, वितरण व्यवस्था, उपभोक्ताओं को दी जा रही आपूर्ति की स्थिति की जांच की गई। एसडीएम ने एजेंसी संचालकों को स्पष्ट सख्त निर्देश दिए कि सभी उपभोक्ताओं को समय से गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।



निरीक्षण के दौरान पाया गया कि नानपारा क्षेत्र में गैस की पर्याप्त उपलब्धता है और किसी प्रकार की कमी नहीं है। इस दौरान एसडीएम ने एक नई पहल करते हुए एक व्हाट्सएप का ग्रुप बनाते हुए उस पर सभी पूर्ति निरीक्षक व सभी गैस एजेंसी के सेल्स ऑफिसर के नंबर सार्वजनिक किए हैं। कंट्रोल रूम का नंबर भी दिया, एसडीएम ने सभी से अपील करते हुए कहा है कि किसी को भी कोई समस्या हो तो वह इन नंबरों पर संपर्क करके बात कर सकता है तत्काल ही समस्या का समाधान कराया जाएगा। एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि गैस की कमी को लेकर फैल रही अफवाहों पर ध्यान न दें और अनावश्यक भीड़ न लगाएं। सभी उपभोक्ताओं को नियमानुसार गैस उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी उपभोक्ता को गैस से संबंधित कोई अन्य समस्या है या कोई जानकारी लेनी है तो वह तहसील में पूर्ति निरीक्षक से अथवा संबंधित गैस एजेंसी के सेल्स ऑफिसर से वार्ता कर सकते हैं तथा टोल फ्री नंबर पर भी संपर्क कर सकते हैं। तहसील प्रशासन नानपारा द्वारा स्पष्ट किया गया है कि क्षेत्र में गैस की आपूर्ति सुचारु रूप से चल रही है और आमजन को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। .पया अफवाहो पर ध्यान ना दें।

# जिले में दम तोड़ रहा गौ-तस्करी का काला कारोबार

**– जिले में गो तस्करी पर हुआ प्रभावी नियंत्रण, गौतस्करों पर की गई ताबड़तोड़ कारवाइयां**

**– पिछले 5 सालों में दर्ज किए गए गौतस्करी के 14 मामले, 49 लोगों पर की गई कार्रवाई**

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार द्वारा गोवंशों के संरक्षण और अपराध के विरुद्ध अपनाई गई 'जीरो टॉलरेंस' की नीति का असर अब धरातल पर साफ दिखने लगा है। जनपद में पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाइयों ने गौ–तस्करों की कमर तोड़ दी है। जिससे न केवल गोवंश सुरक्षित हुए हैं। बल्कि जिले की कानून व्यवस्था भी अभेद्य हुई है। 2021 से 2025 तक गौतस्करी के 15 मामले दर्ज किए गए जिसमें 49 लोगों को जेल भेजा जा चुका है। 5 वर्षों में 49 तस्करों को भेजा गया जेल पुलिस के आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, वर्ष 2021 से 2026 के बीच जिले में गौ–तस्करी के कुल 14 मामले दर्ज किए गए। जिसमें 2021 में 2, 2022 में 4, 2023 में 3, 2024 में 2 व 2025 में 3 मामले दर्ज किए गए। योगी



सरकार की सक्रियता का ही परिणाम है कि इन मामलों में पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए 49 अभियुक्तों को सलाखों के पीछे भेजा है। जिसमें 43 अभियुक्तों को पुलिस ने गिरतार किया। जबकि 6 अभियुक्तों में आत्मसमर्पण किया। न्याय प्रक्रिया को गति देते हुए 11 मामलों में पुलिस द्वारा आरोप पत्र (चार्जशीट) दाखिल की जा चुकी है। जबकि एक मामले में अंतिम रिपोर्ट भी लग चुकी है। गौ तस्करों रोकने में गौ–संरक्षण समितियों का भी है महत्वपूर्ण योगदान सरकार के प्रयासों को जन–सहयोग से जोड़ते हुए जिले में गौ–संरक्षण समितियों का गठन किया गया है। ये समितियां न केवल गोवंशों की देखभाल सुनिश्चित कर रही हैं बल्कि संदिग्ध गतिविधियों पर पुलिस के तीसरे नेत्र के रूप में कार्य कर रही हैं। योगी सरकार की इस मुस्तैदी से जहां एक ओर तस्करों में खौफ है वहीं दूसरी ओर आम जनमानस में गोवंशों की सुरक्षा को लेकर भारी संतोष भी है। साल 2026 में गौ तस्करी का अब तक शून्य अपराध। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने बताया कि बांदा पुलिस ने सीमाओं पर ऐसी घेराबंदी की है कि वर्ष 2026 में अब तक गौ–तस्करी का एक भी मामला प्रकाश में नहीं आया है। एसपी ने स्पष्ट किया कि गौ–तस्करों के विरुद्ध पुलिस को सख्त निर्देश दिए गए हैं। जनपद के सभी बॉर्डर चेक–पोस्टों पर 24 घंटे पैनी निगरानी रखी जा रही है।

## खेल मैदान बचाने की डीएम से मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो



बांदा। खिलाड़ियों ने जिलाधिकारी को शिकायत पत्र सौंपा है। दिए गए पत्र में उन्होंने राइफल क्लब खेल मैदान पर एक निजी प्रदर्शनी की अनुमति रद्द करने की मांग की है। खिलाड़ियों ने बताया कि यह मैदान जनपद के खेल प्रेमियों और युवाओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। ग्रीष्मकाल में बोर्ड परीक्षाओं के बाद यहां समर कैंप आयोजित किए जाते हैं, जहां हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, क्रिकेट और फुटबॉल जैसे विभिन्न खेलों का अभ्यास किया जाता है। यह मैदान खिलाड़ियों को स्पोर्ट्स कॉलेज, आवासीय हॉस्टलों में प्रवेश के लिए ट्रायल देने और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं की तैयारी करने में मदद करता है। इसके अतिरिक्त, भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए शारीरिक और मानसिक विकास हेतु भी इसी खेल मैदान का उपयोग किया जाता है। खिलाड़ियों ने जनहित और युवा पीढ़ी की भावनाओं का हवाला देते हुए कहा कि किसी भी निजी प्रदर्शनी को यहां अनुमति देना न्यायोचित नहीं है। उन्होंने जिलाधिकारी से राइफल क्लब खेल मैदान को पूरी तरह सुरक्षित रखने और उसके आकार एवं स्वरूप को यथास्थिति बहाल करने का अनुरोध किया है। इस मौके पर अबरार फारूखी,लल्लू खां, राजेश कुमार, बृजेश सोनी, इंद्रजीत, अभिषेक,फरीद, प्रशांत,जाहिद अन्य लोग मौजूद रहे हैं।

# गांव-गांव, पांव-पांव यात्रा पहुंची अतर्रा, बुंदेलखंड राज्य निर्माण का दिया संदेश

**- युवा, किसान और कार्यकर्ता आंदोलन को दे रहे मजबूती**

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। बुंदेलखंड राज्य निर्माण की मांग को लेकर चल रही गांव–गांव, पांव–पांव यात्रा आज अपने सातवें दिन अतर्रा, बदौसा पहुँची। यात्रा का स्वागत जिला पंचायत सदस्य मयंक द्विवेदी ने किया। यात्रा में बुंदेलखंड विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष राजा बुंदेला, बुंदेलखंड राष्ट्र समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण पांडेय, यात्रा संयोजक आश्रय सिंह और क्षेत्र के नेतृत्वकर्ता जयराम सिंह उपस्थित रहे। यह ऐतिहासिक यात्रा पृथक बुंदेलखंड राज्य निर्माण का संदेश देने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है। यात्रा में शामिल युवा, किसान और सामाजिक कार्यकर्ता क्षेत्र के लोगों को अलग राज्य के महत्व के बारे में समझा रहे हैं। प्रवीण पांडेय, जिन्होंने अपने खून से 51 बार बुंदेलखंड राज्य की मांग हेतु पत्र लिखे हैं, ने कहा, ष्बुंदेलखंड दशकों से भुखमरी, बेरोजगारी, पलायन और पानी की गंभीर समस्या से जूझ रहा है। अलग राज्य बनने से स्थानीय सरकार रोजगार, सिंचाई और .षि से जुड़े मुद्दों पर सीधे काम कर सकेगी। आज के कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य मयंक द्विवेदी ने कहा कि हम दैनिक जीवन में बुंदेलखंड की आवाज बुलंद करें और हर व्यक्ति अपने स्तर पर इसके लिए योगदान दे। इसके साथ ही बुंदेलखंड राष्ट्र समिति के राष्ट्रीय महामंत्री डालचंद्र एडवोकेट ने कहा, अब हर घर से दो हाथ चाहिए ताकि यह मुहिम और सशक्त



बने। यात्रा में जिला पंचायत सदस्य कमलेश साहू ने भी बुंदेलखंड के लिए अपनी आवाज बुलंद की और स्थानीय लोगों से आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। मुख्य रूप से राजा बुंदेला, प्रवीण पांडेय, जयराम सिंह, आश्रय सिंह, मयंक द्विवेदी, डालचंद्र मिश्र, कमलेश साहू, रमेश सिंह, राजेश बाजपेई, धनंजय सिंह और पुष्पराज सिंह शीनू उपस्थित रहे।

## सर्वोदय पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव व सम्मान समारोह आयोजित

न्यूज वाणी ब्यूरो /मऊ। जनपद के शिक्षा क्षेत्र दोहरीघाट के सर्वोदय पब्लिक स्कूल दोहरीघाट मऊ का तीसरा वार्षिकोत्सव एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर



प्रदेश सरकार में नगर विकास व ऊर्जा मंत्री एके शर्मा इस कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन शशांक सिंह, शिखा पाण्डेय, उजाला विश्वकर्मा ने की। इस कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना से किया गया। इसके बाद बच्चों द्वारा मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि एवं सम्मानित अतिथियों के समान में स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। इसके तुरंत बाद सभी अतिथियों को सम्मानित करते पुष्प गुच्छ एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस विद्यालय के प्रबंधक धर्मेन्द्र कुमार राय ने कहा कि हम विद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं और उनके अभिभावकों का शुक्रगुजार हूं कि हमारे विद्यालय परिसर में इस कार्यक्रम में शामिल हुए। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि हम विद्यालय में कम से कम फीस लेकर अच्छी से अच्छी शिक्षा देने का काम करते हैं और अच्छे शिक्षकों को अपने विद्यालय में रखकर अच्छी शिक्षा पद्धति दिया जाता है। सर्वोदय पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य डीपी नायक ने कहा कि हम अन्य विद्यालय की तुलना में अधिक से अधिक अच्छी शिक्षा देने की बात करते हैं। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एके शर्मा द्वारा विद्यालय के छात्र छात्राओं को शैक्षणिक शिक्षा संस्थान द्वारा संचालित शैक्षणिक भ्रमण पर विशेष ध्यान दिया जाए तो बेहतर होगा। नगर विकास व ऊर्जा मंत्री एके शर्मा द्वारा बताया गया कि इस विद्यालय के प्रबंधक धर्मेन्द्र कुमार राय को लेकर बताए कि इस विद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं को देखते हुए लगता है कि दोहरीघाट ब्लाक में सर्वोदय पब्लिक स्कूल सर्वोत्तम स्थान पर है। इस कार्यक्रम में इस विद्यालय के डायरेक्टर प्रखर राय द्वारा मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि को फूल माला से सम्मानित किया गया।

# राम जानकी मंदिर के पुजारी की हत्या का मामला गर्माया

**- भाजपा नेता ने ब्लॉक प्रमुख पति को घेरा, सीएम से मिलकर बताएंगे हकीकत**

न्यूज वाणी ब्यूरो

ऊंचाहार, रायबरेली। ब्लाक में क्षेत्र पंचायत बैठक के दौरान



हुआ विवाद अब धीरे धीरे बड़े पैमाने पर पहुंच रहा है। भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रांतीय मंत्री अभिलाष कौशल ने गुरुवार को पत्रकार वार्ता करके ब्लॉक प्रमुख के पति के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया। उन्होंने ब्लाक प्रमुख और उनके पति पर कई गंभीर आरोप लगाए और मुख्यमंत्री से मिलकर पुजारी की हत्या समेत हर मामले की हकीकत बताने को कहा। ज्ञात हो कि बीते दिनों क्षेत्र पंचायत की बैठक में भाजपा नेता के भाई बीडीसी सदस्य पर ब्लॉक प्रमुख के बेटे द्वारा रिवाल्वर तानने का आरओ है। इस मामले को लेकर चल रही गहमा गहमी के दौरान गुरुवार को भाजपा नेता ने प्रेस वार्ता की और सिलसिलेवार ब्लाक प्रमुख के पति को कठघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा कि प्रमुख और उनके पति पर राम जानकी मंदिर मंदिर की बेस कीमती जमीन पर कब्जा करने के लिए दो दो पुजारियों की हत्या कर दी जिसमें ब्लाक प्रमुख जेल गई थी। सेटिंग करके इस मुकदमें को रफा दफा किया गया। यही नहीं सरकारी जमीन और मंदिर की जमीन पर कब्जा करके कॉलेज बनाया गया जिसे तहसीलदार न्यायालय द्वारा खारिज करके कार्रवाई की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि ब्लाक प्रमुख का घर लोक निर्माण विभाग की जमीन पर बना हुआ है, इस मामले में भी कार्रवाई की जाएगी। भाजपा नेता ने कहा कि विगत चार वर्षों से क्षेत्र पंचायत का अविश्वास प्रस्ताव पारित है, मामला उच्च न्यायालय ने लंबित है, इस दौरान ब्लाक के विकास कार्यों में जमकर लूट की गई है। सारे नियमों को ताक पर रखकर काम किया जा रहा है। अब यह सारा मामला मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाया जाएगा और अपराधियों को सजा दिलाया जाएगा। भाजपा नेता ने दावा किया कि उनकी यह लड़ाई तब तक जारी रहेगी जब तक अपराधियों को सजा नहीं मिल जाती। पत्रकार वार्ता के दौरान जिला पंचायत के पूर्व सदस्य राजा जितेंद्र सिंह, राम करण पासी, रामगुलाम पासी, तुलसी पासी, भाजपा नेता ओम प्रकाश साहू, व्यापारी नेता राजू सोनी, प्रजापति समाज के चौधरी राजेश प्रजापति, क्षेत्र पंचायत सदस्य गुड्डन यादव, भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष राज कुमार तिवारी, गजाधर पासी, संदीप पटेल, विजय पाल, ज्ञानेंद्र सिंह, विकास श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में बीडीसी सदस्य और भाजपा नेता मौजूद रहे।

## बिना नक्शा पास कराए मकान का निर्माण, डीएम से निर्माण रोकने की मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो/बांदा। पीड़ित जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर लिखित शिकायत पत्र दिया। बता दें कि सुखलाल पुत्र स्व0 चुनबद्दी निवासी मवई बुजुर्ग थाना कोतवाली नगर का है। पीडित के पुत्र का पीएम आवास मकान से चिल्ला मुख्य राष्ट्रीय राजमार्ग के दाहिने ओर टेहुआ तालाब के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग के दूसरी तरफ ग्राम–मवई बुजुर्ग मे पीड़ित के पुत्र का मकान बना है, बगल के पडोसी जगदीश पुत्र रामऔतार पीड़ित का सहन जो शादी अवसर आदि के लिये जमीन छोडी गयी थी जिसको दबाकर तथा राष्ट्रीय राजमार्ग मे अनाधि.त कब्जा कर मकान निमार्ण ईटा व बालू तथा मटेरियल डाल कर 08 मार्च से बनवा रहा है। गांव के सभ्रांत लोग व राजस्व



विभाग के लेखपाल व कानूनगो ऐसा अनाधि.त कब्जा करने से मना किया किन्तु नही मान रहा है और पीड़ित को धमकी दे रहा है कि मेरी जहाँ से मर्जी होगी वहाँ से मैं बनाऊँगा सरकार क्या कर लेगीं। उक्त जमीन सरकारी पी0डब्लू0डी० विभाग में आती है जो बिना प्राधिकरण से नक्सा पास कराये अवैध निमार्ण करा रहा है, जिसको रोका जाए, और मांग है कि स्वयं या किसी सक्षम न्याय प्रिय अधिकारी को भेज कर जांच करवाकर कार्यवाही किया जाये।

## ट्रैक्टर ट्राली व बरात बस में टक्कर, 12 से अधिक बाराती घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो/नजीबाबाद, बिजनौर। नजीबाबाद–रायपुर मार्ग पर बुधवार देर रात लकड़ी से भरी ट्रैक्टर ट्राली और बरात की बस के बीच आमने–सामने की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में बस में सवार 12 से अधिक बाराती घायल हो गए, जिनमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार गांव समीपुर निवासी गोविंद सिंह के पुत्र की बरात बुधवार रात करीब 10.30 बजे रायपुर के लिए रवाना हुई थी। बरात की बस गांव से करीब चार से पांच किलोमीटर दूर किशनपुर क्षेत्र के पास पहुंची ही थी कि सामने से आ रही लकड़ी से भरी ट्रैक्टर ट्राली से उसकी जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस में सवार बारातियों में अफरा–तफरी मच गई और कई लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर चीख–पुकार मच गई। आसपास के लोगों ने तुरंत घायलों को बाहर निकालकर सहायता पहुंचाई। सूचना मिलते ही एसडीएम शैलेंद्र कुमार सिंह और थाना प्रभारी राहुल सिंह पुलिस टीम के साथ घटनास्थल के लिए रवाना हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र समीपुर में भर्ती कराया गया, जहां दो घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे की सूचना मिलते ही घायलों के परिजन भी अस्पताल और मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# पंचायत चुनाव एवं पद यात्रा की तैयारी बैठक

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। आम आदमी पार्टी की जिला इकाई की महत्वपूर्ण बैठक भरथना में आयोजित की गई। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने तथा आगामी पंचायत चुनाव को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित ब्रज प्रान्त अध्यक्ष डॉ. हृदेश चौधरी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी गांव–गांव तक संगठन को मजबूत करने के लिए लगातार काम कर



रही है। उन्होंने कहा कि आगामी पंचायत चुनाव पार्टी के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। प्रदेश प्रवक्ता प्रशांत यादव ने कहा कार्यकर्ताओं को अभी से पूरी ताकत के साथ तैयारी में जुट जाना चाहिए। जिलाध्यक्ष संजीव शाक्य ने कहा कि आम आदमी पार्टी की राजनीति आम जनता के मुद्दों.रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक न्याय.पर आधारित है। कार्यकर्ता घर–घर जाकर पार्टी की नीतियों और विचारों को जनता तक पहुंचाएं और लोगों को पार्टी से जोड़ने का काम करें। संजीव शाक्य ने कहा कि आगरा से 03 अप्रैल 2026 से चलकर 09 अप्रैल मथुरा तक प्रदेश प्रभारी एवं सांसद संजय सिंह के नेतृत्व में रोजगार दो सामाजिक न्याय दो पदयात्रा निकाली जायेगी। बैठक में संजीव शाक्य जिलाध्यक्ष, प्रशांत यादव प्रवक्ता आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश, अशोक यादव विधानसभा अध्यक्ष, मनोज यादव जिला उपाध्यक्ष, सत्यनारायण दोहरे पूर्व प्रत्याशी भरथना, एजाज मोहम्मद, भजनलाल गुलाब सिंह, बलवीर सिंह, उमेश चंद्र, प्रवेश, कुमार, सुनील, विकल, रोहित, पंकज सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा को लेकर प्रशासन अलर्ट

## - 14 व 15 मार्च को 11 केंद्रों पर 15360 अभ्यर्थी देंगे परीक्षा

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की सीधी भर्ती परीक्षा 2025 के संबंध में विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका एवं उप जिलाधिकारी सदर को निर्देश दिए कि अभ्यर्थियों और उनके अभिभावकों की संभावित भीड़ को देखते हुए जनपद के सभी रैन बसेरों की साफ–सफाई कराई जाए, ताकि बाहर से आने वाले लोग वहां आराम से ठहर सकें। साथ ही रैन बसेरों की सूची रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और शहर के प्रमुख चौराहों पर चस्पा करने के निर्देश दिए, जिससे लोगों को उन्हें ढूंढने में सुविधा हो सके। जिलाधिकारी ने सभी परीक्षा केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया कि केंद्रों के आसपास स्पष्ट साइन बोर्ड लगाए जाएं, जिससे परीक्षार्थियों को केंद्र तक पहुंचने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने बताया कि जनपद में कुल 11 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां लगभग 15,360 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा 14 मार्च और 15 मार्च 2026 को आयोजित की जाएगी। परीक्षा केंद्र के अंदर किसी भी प्रकार की इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस ले जाने की अनुमति नहीं होगी तथा परीक्षा नकलविहीन और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराई जाएगी। उन्होंने सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए कि परीक्षा तिथि से एक दिन पूर्व सभी केंद्रों का निरीक्षण कर लें, जिससे किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। उन्होंने बताया कि परीक्षा प्रारंभ होने से 35 मिनट पूर्व प्रश्नपत्रों के गोपनीय पैकेट सीसीटीवी कैमरों और वीडियोग्राफी की निगरानी में ही खोले जाएंगे। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जाएगी, जिसमें पहली पाली सुबह 10 बजे से 12 बजे तक तथा दूसरी पाली दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक होगी। परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट और स्टैटिक मजिस्ट्रेट नामित किए गए हैं। बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि सभी परीक्षा केंद्रों की लोकेशन गूगल ऐप पर साझा की जाए, जिससे अभ्यर्थियों को आने–जाने में सुविधा मिल सके। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि प्रमुख चौराहों पर पूछताछ केंद्र बनाए जाएंगे, जिससे अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में आसानी हो। प्रत्येक केंद्र पर दो महिला और दो पुरुष पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। सभी केंद्रों पर तैनात पुलिसकर्मियों के मोबाइल नंबर सेक्टर और स्टैटिक मजिस्ट्रेट के पास उपलब्ध रहेंगे, ताकि आवश्यकता पड़ने पर तुरंत संपर्क किया जा सके। उन्होंने बताया कि कानून–व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस विभाग द्वारा व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है। पुलिस लाइन में मास्टर कंट्रोल रूम स्थापित किया जाएगा, जिससे किसी भी समस्या की स्थिति में तत्काल सूचना और समाधान सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने स्पष्ट कहा कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, क्षेत्राधिकारी नगर अभय नारायण राय, जिला विद्यालय निरीक्षक अतुल सिंह, सभी उप जिलाधिकारी तथा सभी सेक्टर एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# फैमिली आईडी हेल्प डेस्क का शुभारंभ

## - पात्र परिवारों को योजनाओं का लाभ दिलाने की पहल

न्यूज वाणी ब्यूरो



इटावा। जनपद में पात्र परिवारों तक विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से फैमिली आईडी हेल्प डेस्क का शुभारंभ जिलाधिकारी द्वारा किया गया। इस हेल्प डेस्क के माध्यम से नागरिकों को फैमिली आईडी बनवाने तथा उससे संबंधित आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इस पहल के माध्यम से अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जाए। साथ ही जिन परिवारों की अभी तक फैमिली आईडी नहीं बनी है, उनकी तत्काल फैमिली आईडी तैयार कराई जाए तथा आवश्यकतानुसार राशन कार्ड बनाने की कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाए। प्रशासन की ओर से जनपदवासियों से अपील की गई है कि वे अपने नजदीकी हेल्प डेस्क पर संपर्क कर फैमिली आईडी बनवाएं और सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी रमेश चन्द्र सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# गैस उपभोक्ताओं के लिए जरूरी सूचना जारी

## – ऑनलाइन होगी रिफिल बुकिंग, अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जिला पूर्ति अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में जनपद के गैस कनेक्शनधारकों को महत्वपूर्ण सूचना जारी की गई है। गैस उपभोक्ताओं को अवगत कराया गया है कि वर्तमान में घरेलू गैस रिफिल का मूल्य लगभग 940 से 950 रुपये के बीच हो सकता है। बताया गया है कि पहली रिफिल प्राप्त होने के 25 दिन बाद ही अगली रिफिल की बुकिंग की जा सकेगी। गैस रिफिल की बुकिंग केवल ऑनलाइन माध्यम से ही की जाएगी। बुकिंग के बाद उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी कर दी जाएगी, इसलिए उपभोक्ताओं को गोदाम या शोरूम जाने की आवश्यकता नहीं होगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जनपद में गैस की उपलब्धता पर्याप्त मात्रा में है, इसलिए किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। किसी भी समस्या या जानकारी के लिए उपभोक्ता अपने डिस्ट्रीब्यूटर या संबंधित गैस एजेंसी के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार कॉमर्शियल गैस की आपूर्ति अस्पतालों और शैक्षणिक संस्थानों को प्राथमिकता के आधार पर की जाएगी। जिन उपभोक्ताओं ने अभी तक अपनी केवाईसी नहीं कराई है, वे अपनी गैस एजेंसी से संपर्क कर या ऑनलाइन माध्यम से केवाईसी पूर्ण करा लें, ताकि गैस रिफिल की आपूर्ति सुचारू रूप से मिलती रहे।

# मिशन शक्तिअभियान के तहत महिलाओं को किया जागरूक

## - महिला सुरक्षा, साइबर अपराध व नए कानूनों की दी जानकारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत जनपद में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन



को बढ़ावा देने के लिए पुलिस द्वारा लगातार जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में 12 मार्च को थाना वैदपुरा क्षेत्र में मिशन शक्ति टीम और पुलिस द्वारा महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं और बालिकाओं को एकत्रित कर उन्हें महिला सुरक्षा, साइबर अपराध से बचाव तथा नए आपराधिक कानूनों भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। पुलिस टीम ने उपस्थित महिलाओं को साइबर अपराधों से बचने के उपाय बताते हुए ऑनलाइन धोखाधड़ी से सतर्क रहने, सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग करने तथा किसी भी आपात स्थिति में तुरंत पुलिस सहायता लेने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान महिलाओं को विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों जैसे 112, 1090, 181, 1098, 1930 और 1076 के बारे में भी जानकारी दी गई और बताया गया कि आवश्यकता पड़ने पर इन सेवाओं का तत्काल उपयोग किया जा सकता है। साथ ही महिलाओं को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में अवगत कराते हुए उन्हें इन योजनाओं का लाभ उठाकर अपने और अपने परिवार के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस द्वारा मिशन शक्ति अभियान के तहत ऐसे जागरूकता कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षित और आत्मनिर्भर बनाया जा सके।

# शिविर में वैज्ञानिक कृष्टिकोण व तकनीकी उपयोग पर दिया जोर

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। दुग्ध प्रौद्योगिकी महाविद्यालय एवं मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर



के चतुर्थ दिन महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अजीत सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि किसी भी कार्य की सफलता के लिए उसे वैज्ञानिक और योजनाबद्ध तरीके से करना आवश्यक है, जिससे गुणवत्ता और सटीकता बढ़ती है। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन के हर क्षेत्र में वैज्ञानिक सोच अपनाने के लिए प्रेरित किया। .षि, मत्स्य पालन और डेयरी जैसे क्षेत्रों में नई तकनीकों के प्रयोग से बेहतर परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। उन्होंने छात्रों से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और आधुनिक तकनीकों के प्रति जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। इस अवसर पर डॉ. बी. एस. चौहान, वैज्ञानिक, .षि विज्ञान केंद्र इटावा ने भी किसानों के विकास में आधुनिक तकनीकों की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि उन्नत .षि पद्धतियों, डेयरी प्रबंधन अपनाने से उत्पादन और आय दोनों में वृद्धि संभव है। इस अवसर पर डॉ. राजीव सिंह, डॉ. केके पटेल, ई दिलीप कुमार वर्मा (कार्यक्रम अधिकारी), डॉ पवन कुमार यादव, बादल यादव सहित अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे। उन्होंने छात्रों के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा की। शिविर में भूमि, श्रेया पांडेय, मानसी सचान, निधि, अखिल, अभिषेक, सिंकल, सौरभ कुमार, टिंकू कुमार एवं नितेश कुमार आदि छात्र–छात्राएं सक्रिय रूप से शामिल रहे और सभी ने समाज हित में कार्य करने का संकल्प लिया।

# आयोग की अध्यक्ष आज करेंगी प्रेस वार्ता

न्यूज वाणी ब्यूरो /गाजीपुर। अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय महिला आयोग के निर्देशानुसार उ०प्र० राज्य महिला आयोग द्वारा प्रदेश में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीडित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने के .ष्टिगत उ0प्र0 राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ0 बबीता सिंह चौहान की अध्यक्षता में लोक निर्माण विभाग के गेस्ट हाउस सभागार कक्ष में अपराह्न 02.00 बजे प्रेस वार्ता की जानी है। जिला सूचना अधिकारी राकेश कुमार ने समस्त इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एवं प्रिंट मीडिया बंधु से अनुरोध किया है कि निर्धारित समय एवं स्थान पर पहुंचकर कवरेज करने का कष्ट करें।

# जिला स्तरीय चयन ट्रायल्स आज

न्यूज वाणी ब्यूरो /गाजीपुर। जिला खेल कार्यालय के तत्वाधान में प्रदेश स्तरीय समन्वय जूनियर बालको की फुटबाल खेल का जिला स्तरीय चयन/ट्रायल्स 13 मार्च को प्रातः 10.00 बजे से नेहरू स्टेडियम गोराबाजार गाजीपुर के प्रांगण में किया जाना सुनिश्चित हुआ है। इच्छुक बालक अपनी प्रविष्टि 13 मार्च को प्रातः 09.30 बजे तक दे सकते हैं साथ ही पात्रता प्रमाण पत्र फोटोयुक्त व प्रधानाचार्य से प्रमाणित आयु प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड साथ में लाना अनिवार्य होगा प्रवेश निःशुल्क होगा। जूनियर बालिकाओ की जन्मतिथि 01 जनवरी 2010 के बाद की होगी।

# चिकनपॉक्स बचाव अभियान पुनः चलाया

## - 101 बच्चों को दी दवा, सफाई के प्रति किया जागरूक

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी, आरोग्य भारती, दि होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान डॉ सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के संयोजकत्व में चेयरमैन व कार्यकारिणी सदस्य इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी, आरोग्य भारती के जिला सचिव व अध्यक्ष एचएमएआई डॉ अनुराग श्रीवास्तव ने चिकनपॉक्स बचाव महाभियान चलाया। डॉ अनुराग ने बच्चों से कहा कि सबसे अधिक समय आप लोगों का विद्यालय व घर में गुजरता है इसलिए हम सभी को अपने विद्यालय व घर में स्वच्छता रखनी होगी तभी हम बहुत सारी बीमारियों से बच सकते हैं व भोजन से पहले व शौच जाने के बाद साबुन से हाथ अच्छी तरह से धुलना चाहिए। डॉ अनुराग ने कम्पोजिट विद्यालय रस्तोगीगंज के 52, डॉ बीआर अंबेडकर शिक्षा सदन आबूनगर के 49 कुल 101 बच्चों



को चिकनपॉक्स से बचाव व संक्रमण को कम करने में सहायक होम्योपैथिक औषधि का वितरण किया। इस अवसर पर इंचार्ज प्रधानाचार्य सलमा बेगम, केदार सहित प्रमुख सहयोगी आजीवन सदस्य अभिनव श्रीवास्तव, प्रेमचंद्र मौर्य उपस्थित रहे।

# आज पीएम मोदी जारी करेंगे किसान निधि की 22 वीं किस्त

न्यूज वाणी ब्यूरो /गाजीपुर। उप .षि निदेशक ने बताया कि 13 मार्च को सायं 05.00 बजे गुवाहाटी, असम से प्रधानमंत्री द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत 22 वीं किस्त जारी की जायेगी। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के प्रसार से पूर्व 03.00 बजे से .षि विभाग की कल्याणकारी योजनाओं के सम्बन्ध में किसानों को जानकारी प्रदान की जायेगी। इस सम्बन्ध में शासन की अपेक्षानुसार कार्यक्रम में किसानों की वर्चुवल रूप से सहभागिता करानें एवं कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु जनपद स्तर, वि०ख० स्तर, ग्राम पंचायत स्तर, मण्डी समितियों पर, पैक्स सोसायटी एवं किसान समृद्धि केन्द्रों पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। यह कार्यक्रम जनपद स्तर पर .षि विज्ञान केन्द्र, पीजी कालेज के बैठक सभागार में किया जायेगा। उक्त के अतिरिक्त जनपद के समस्त विकास खण्डों, मण्डी समितियों, पैक्स सोसायटी, किसान समृद्धि केन्द्र एवं ग्राम पंचायत स्तर पर किया जायेगा। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के प्रसार से पूर्व 03.00 बजे से .षि विभाग की कल्याणकारी योजनाओं के सम्बन्ध में किसानों को जानकारी प्रदान की जायेगी। इसलिए समस्त किसान भाईयों से अपेक्षा है कि अपने नजदीकी केन्द्रों पर ससमय उपस्थित होकर विभागीय जानकारी प्राप्त करें।

# सुजानपुर प्रधान दिल्ली में सम्मानित, गूंजी सफलता की गाथा



न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। नई दिल्ली के प्रतिष्ठित डॉ. अम्बेडकर इंटरनेशनल सेंटर में राष्ट्रीय सशक्त नेत्री पंचायत सम्मेलन संपन्न हुआ। फतेहपुर जनपद का मान बढ़ाते हुए विकास खंड बहुआ की ग्राम पंचायत सुजानपुर की प्रधान हेमलता पटेल को भी राष्ट्रीय मंच पर सम्मानित किया गया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय पंचायती राज्यमंत्री, विभागीय सचिव और यूनिसेफ जैसी अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने हेमलता पटेल के कार्यों की खुले मन से प्रशंसा की। हेमलता पटेल के संघर्ष और सुजानपुर महिला हितैषी ग्राम पंचायत बनाने के मॉडल को विशेष रूप से स्थान दिया गया। स्क्रीन पर दिखाई गई सफलता की कहानी ने उपस्थित जनसमूह को प्रेरित किया। राष्ट्रीय सम्मेलन में हेमलता पटेल के साथ तेलियानी ब्लॉक की ग्राम पंचायत मिश्रामऊ की प्रधान बीनू देवी ने भी प्रतिभाग किया। जहां विकासात्मक नवाचारों और आधुनिक पंचायत प्रबंधन के गुर सीखे भी सीखे गए। हेमलता पटेल ने कहा कि डॉ. अम्बेडकर इंटरनेशनल सेंटर जैसे प्रतिष्ठित मंच पर केंद्रीय नेतृत्व और यूनिसेफ के प्रतिनिधियों के बीच उनके कार्यों को पहचान मिलना गौरव की बात है। देश भर से पहुंचीं सशक्त महिला प्रतिनिधियों को बधाई दी।




# गांव का हो रहा संपूर्ण विकास

न्यूज वाणी ब्यूरो /जौनपुर। ग्राम सभा कम्मरपुर के प्रधान अनुजा द्वारा गांव के विकास के लिए सारी संभावनाओं को तलाश करके गांव में विकास के उचित मौके को गांव के विकास के लिए उपयोग में लाया जा रहा है जिसमें प्रधान प्रतिनिधि प्रवीण सिंह का काफी योगदान है जिले से लेकर प्रदेश तक अपने गांव के विकास के लिए प्रधान प्रतिनिधि द्वारा पूरी ताकत लगाई जा रही है जिसकी वजह से गांव का विकास काफी तेजी से हो रहा है पूरे गांव में कहीं भी रास्ते का अभाव नहीं है जिससे लोग हर घर हर गांव में किसी भी दिक्कत से ना गुजरने के वजह से भी जा सकते हैं गांव में कहीं भी रास्ते की कोई दिक्कत नहीं है आवास भी काफी काफी गरीबों को मिल चुका है कुछ लोगों का आवास अभी तक पेंडिंग में है जो की समय से आ जाएगा प्रधान प्रतिनिधि द्वारा प्रवीण सिंह द्वारा लोगों को विश्वास दिलाया जा रहा है हर परिस्थिति में हर गरीब के साथ हमेशा खड़े रहेंगे अगली बार प्रधान होंगे तब भी ना होंगे तब भी हम अपनी जिम्मेदारी को जनता के बीच अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह करते रहेंगे किसी भी समय गांव के किसी व्यक्ति को हमारी जरूरत होगी हम हाजिर रहेंगे।

# पीएम की फोटो पर आपत्तिजनक शब्द लिखकर जलाया

## - पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार, सभासद समेत दो फरार

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। हथगाम थाना पुलिस ने देश के पीएम के खिलाफ अभद्र टिप्पणी व फ़ोटो जलाने के वायरल वीडियो में आरोपी सभासद समेत दो अन्य साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए एक आरोपी को गिरतार कर लिया है, जबकी मुख्य आरोपी सभासद समेत उसका एक अन्य साथी पुलिस की गिरत में नहीं आये। पुलिस दोनों फरार अभियुक्ततो की सुरागरसी व गिरतारी के प्रयास में जुट गई है। हथगांव नगर पंचायत के सभासद रोहित मिश्रा एवं उसके दो साथियों द्वारा सवर्ण समाज विरोधी यूजीसी कानून के विरोध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फोटो पर आपत्तिजनक शब्द लिखने के बाद उसे आग के हवाले कर दिया गया था और इस पूरे घटनाक्रम का 21 सेकंड का वीडियो बनाने के बाद आरोपियों ने सोशल मीडिया में वायरल कर दिया गया था, वीडियो वॉयरल होते ही हड़कम्प मच गया था। एसपी अनूप कुमार सिंह ने वायरल वीडियो का स्वतः संज्ञान लेते हुए हथगाँव थाना पुलिस को वायरल वीडियो की जांच व कार्यवाही के निर्देश दिए थे, पुलिस ने आनन–फानन में मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू की थी, जांच अधिकारी वरिष्ठ उपनिरीक्षक आलोक कुमार को नियुक्त किया गया था, जांच के बाद पुलिस ने आरोपी सभासद रोहित मिश्रा पुत्र प्रेम शंकर, सन्दीप तिवारी पुत्र सुशील तिवारी व विकास पाण्डेय पुत्र स्व० बम्भोला पाण्डेय निवासीगण तेहीपारा कस्बा व थाना हथगाँव समेत तीन लोगों के खिलाफ पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकद्दमा दर्ज किया था, पुलिस ने एक आरोपी सन्दीप को गिरतार कर उसका शांति भंग में चालान भी किया है, जबकि मुख्य आरोपी समेत दो अभी–भी फरार चल रहे हैं। पुलिस फरार दोनों आरोपियों की सुरागरसी व गिरतारी के प्रयास में जुटी है। मामले के बावत थानाध्यक्ष हथगांव संजय पांडेय ने अपना रुख स्पष्ट करते हुए मामले की जांच पड़ताल जारी होने व फरार आरोपियों की तलाश जारी होने के साथ सभी के खिलाफ कड़ी कार्यवाही किये जाने की बात कही है।



# दम घुटने से वृद्ध की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। राधानगर थाना क्षेत्र के अर्न्तगत गुरूवार की भोर शार्ट सार्किट से कमरे में धुंआ उठने से 75 वर्षीय वृद्ध दम घुटने मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार राधानगर थाना क्षेत्र के निवासी स्व0 केदारनाथ का पुत्र बृजमोहन गुप्ता अपने कमरे में सो रहा था बताते है कि सुबह लगभग 5:30 बजे अचानक शार्ट सर्किट हो जाने से पूरे कमरे में धुंआ भर जाने के कारण दम घुटने से वृद्ध की मौत हो गयी। उधर जैसे ही इसी जानकारी परिजनों को हुयी तो तत्काल कमरा किसी तरह खोला गया। तब तक देर हो चुकी थी सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# फांसी लगा वृद्ध ने दी जान

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। बकेवर थाना क्षेत्र के ग्राम ममनापुर मजरे सरांय लांगड में बुधवार की दोपहर मानसिक तनाव के चलते 65 वर्षीय वृद्ध ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार ममनापुर मजरे सरांय लांगड निवासी स्व0 रामरतन का पुत्र कालीदीन ने मानसिक तनाव चलते बुधवार की दोपहर बाद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उधर जब परिजन खेत से बाहर वापस आये तो फांसी पर लटका वृद्ध शव देख घर में कोहराम मच गया। तभी सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। राधानगर थाना क्षेत्र के दुर्गा मंदिर के समीप बुधवार की रात ट्रेन की चपेट में आ जाने से 40 वर्षीय युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली क्षेत्र के गडरियनपुरवा गांव निवासी विशम्भर का पुत्र सुरेश बीती रात बैग लेकर घर से निकला और राधानगर दुर्गा मंदिर के समीप ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके में पर ही मौत हो गयी। उधर घटना की सूचना पाकर मौके में पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# अलग-अलग मार्ग दुर्घटनाओं में आधा दर्जन घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। जनपद के अलग–अलग थाना क्षेत्रो के अर्न्तगत हुए सड़क हादसों के दौरान लगभग आधा दर्जन लोग घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली क्षेत्र के नई तहसील निवासी फैजी की 24 वर्षीय पत्नी शीबा बुधवार की शाम स्कूटी से घर आ रही थी। तभी तहसील के समीप ही अचानक साइकिल से निकल रहे बच्चो को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर स्कूटी गिर जाने से घायल हो गयी। इसी प्रकार सदर कोतवाली के चौफेरवा गांव निवासी 35 वर्षीय संजय बाइक लेकर आ रहा था। तभी पिकअप की चपेट में आ जाने से घायल हो गया। उधर हुसैनगंज थाना क्षेत्र के कबीरपुर गांव निवासी रामू की 28 वर्षीय पत्नी अंजलि अपने भाई लवलेश पुत्र फूलचन्द्र 20 वर्ष निवासी गाजीपुर के साथ बाइक से मायके आ रही थी। तभी मवइया के समीप बाइकों की भिडन्त में दोनो घालय हो गये। वहीं हुसेनगंज थाना क्षेत्र के सीर इब्राहिमपुर गांव निवासी मोहन लाल 19 वर्षीय पुत्र श्यामू व हीरा लाल 25 वर्षीय पुत्र अजय बाइक से शहर आ रहे थे। तभी हसउपुर के पास बाइक अनियंत्रित होकर बाइक गिर जाने से दोनो घायल हो गये। उधर घटना की सूचना पाकर मौके में पहुंची सरकारी एम्बुलेंस ने सभी घायलों को उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया।

# आईएएस में 629 वीं रैंक लाने पर विद्यालय परिवार ने किया सम्मानित

## - छात्रा रंजना सिंह ने सफलता के दिए मूल मंत्र

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में पुरातन छात्रा रंजना सिंह सेंगर का सम्मान समारोह आयोजित




किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत रंजना सिंह सेंगर एवं कालेज प्रबंधक द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलन एवं पुष्पार्चन से हुई। अतिथि परिचय के पश्चात रंजना सिंह समेत अतिथियों का बैज अलंकरण कर सम्मानित किया। विद्यालय का गौरव रंजना सिंह सेंगर को विशेष सम्मान के रूप में स्मृति चिन्ह, पुष्पगुच्छ, श्रीफल भेंट किया। रंजना सिंह सेंगर ने बच्चों को बताया कि यदि वे अपने जीवन में एक लक्ष्य निर्धारित करें और धैर्य के साथ निरंतर प्रयास करते हुए लक्ष्य की ओर आगे बढ़ेंगे तो निश्चित ही सफलता उन्हें प्राप्त होगी। उन्होंने यह भी कहा कि यदि हम सोशल मीडिया का सदुपयोग करते हैं तो वह भी हमें अच्छे परिणाम दिला सकती है। विद्यालय के प्रधानाचार्य गजेंद्र सिंह ने अतिथि महानुभावों का आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम में विद्यालय के अध्यक्ष प्रताप सिंह एडवोकेट, सह प्रबंधक अतुल अग्रवाल, रजत गुप्ता, जमुना प्रसाद गुप्त, शिशु मंदिर के पूर्व प्रधानाचार्य प्रकाश चंद्र उपस्थिति रहे।

# मारपीट किए जाने की एसपी से शिकायत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। ललौली थाना क्षेत्र के खतौली गांव निवासी धनराज सिंह ने पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह को एक शिकायती पत्र सौंपकर बताया कि वह गघौरा थाना गाजीपुर निमंत्रण में गया था। जहां गांव किनारे दंदान पुत्र प्रकाश कोरी, हरीबाबू पुत्र प्रकाश निवासी गघौरा घात लगाए बैठे थे। दोनों उसकी गाड़ी के आगे लाठी लगाकर खड़े हो गए और उसके साथ मारपीट की। सोने की चैन भी लूट ली। उसने डायल 112 नंबर पर फोन किया। मौके पर 112 नंबर की पुलिस आई लेकिन अभियुक्त गण गिरत में नहीं आए। पीड़ित ने एसपी से मांग किया कि अभियुक्तों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके गिरफ्तारी सुनिष्चित की जाए।

# सर्व समाज अधिवक्ता संगठन के प्रत्याशी घोषित

## - जगनायक सचान अध्यक्ष व अनिल श्रीवास्तव महामंत्री पद का लड़ेंगे चुनाव

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिला बार एसोसिएषन के आगामी चुनाव को देखते हुए प्रत्याषी चयन को लेकर सर्व समाज अधिवक्ता संगठन के संरक्षक बलिराज उमराव एडवोकेट व केपी सिंह एडवोकेट के संयुक्त नेतृत्व में पार्लियामेंट्री बोर्ड की बैठक सिविल बार हाल में की गई। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिए जगनायक सचान एडवोकेट व महामंत्री पद हेतु अनिल श्रीवास्तव एडवोकेट को प्रत्याषी घोशित किया गया। बैठक में सर्व समाज संगठन के संरक्षक बलिराज उमराव व अध्यक्ष केपी सिंह, बोर्ड के सदस्य



सूरजबली निशाद, बाबू सिंह यादव, विनीत श्रीवास्तव, अमरनाथ कैथल, बचानीलाल, आफताब अहमद, अखिलेष मौर्य, जगदीष मौर्य, अनुपम लोधी, अखिलेष लोधी, प्रवीण द्विवेदी, बृजेष बाजपेयी, शिव विक्रम सिंह, राकेष यादव, धनंजय यादव, ममनून एडवोकेट आदि अधिवक्ता रहे। सभी ने दोनों चयनित प्रत्याषियों को माल्यार्पण करके षुभकामनाएं दी। प्रत्याषी घोशणा के बाद सभी समर्थक एक–दूसरे को मिठाई खिलाकर खुषी का इजहार किया। इस मौके पर प्रभात एडवोकेट, सुनील उमराव, सिद्धार्थ पटेल, पीके उमराव, अजय पटेल, विवेक, रमेष निशाद, सत्येन्द्र मौर्य, नीरज मौर्य, नीरज मौर्य, अमित सिंह, जयप्रकाष सचान समेत तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे।

# ईद नजदीक आते ही बाजार में उमड़ रहे खरीददार

## - कपड़े, चूड़ियों व सौंदर्य प्रसाधनों की दुकानों पर उमड़ रही भीड़

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। पवित्र रमजान माह का तीसरा अशरा चल रहा है



जिससे मुस्लिम समुदाय के लोगों की बाजारों में चहल पहल शुरू हो गई है। चौक, लाला बाजार, चूड़ी वाली गली समेत कई अन्य जगहों के बाजारों में मुस्लिम समुदाय के पुरुषों के साथ–साथ महिलाओ एवं युवतियों द्वारा रमजान की तैयारियों की खरीद फरोख्त के साथ ही ईद की खरीदारी करते हुए देखा जा सकता है। रमजान में जहाँ खाने पीने की चीजों की खरीदारी की जा रही है वहीं ईद की तैयारिया भी शुरू हो चुकी है। ईद के उपलक्ष्य में बाजारों में नए उत्पादों की आमद रत होने के साथ ही खरीददारी के लिए लोगों की बड़ी संख्या में भीड़ उमड़ रही है। बाजारों में सबसे अधिक भीड़ कपड़ों की दुकानों पर देखने को मिल रही है। इस बार भी महिलाओं की पहली पसंद रहे रेडीमेड सूट की जमकर खरीदारी की जा रही है। लेडीज एवं जेंट्स दोनों तरह के टेलरों की दुकानों पर भी जबरदस्त भीड़ देखने को मिल रही है। कई टेलर तो ऐसे हैं जिन्होंने कपड़े लेने बंद कर दिए हैं। शहर के अलावा दूर दराज के गांव से भी लोग भी चौक बाजार स्थित दुकानों में पहुंच कर कपड़े व अन्य मनपसंद सामान व अन्य चीजों की खरीदारी कर रहे हैं। महिलाएं अपने साथ–साथ बच्चों के लिए भी आकर्षक कपड़े, जूते, चप्पल समेत घरेलू इस्तेमाल की अन्य चीजों की खरीददारी कर रही है। फुटवियर की दुकानों पर भी ईद की तैयारी का असर देखने को मिल रहा है। दुकानदारों द्वारा ईद के पर्व को देखते हुए युवाओं के लिए खासतौर पर नई डिजाइनों के फुटवियर मंगाए गए हैं। जिसमें युवाओं को सबसे अधिक पेषावरी सैंडल पसंद आ रही है। ग्राहकों को लुभाने के लिए उन्हें शोकेस में सजाया गया है। चूड़ी गली व उसके आस–पास स्थित सौंदर्य प्रसाधनों की दुकानों में महिलाओ एवं युवतियों को चूड़ी एवं अन्य सौंदर्य प्रसाधनों की खरीददारी आरंभ हो चुकी है। चौक बाजार स्थित एक दुकानदार ने बताया कि जैसे जैसे ईद के दिन करीब आते जाएंगे मार्केट में रौनक बढ़ने के साथ ही लोगों की जबसदस्त भीड़ उमड़ेगी। बताते चलें कि पवित्र रमजान माह के तीस रोजो के बाद आने वाला ईद पर्व मुस्लिम समुदाय द्वारा मनाया जाने वाला सबसे बड़ा त्योहार है। जिसमे मुस्लिम समुदाय द्वारा नए कपड़ों के आलावा जरूरत के अन्य घरेलू सामानों की जबरदस्त खरीददारी की जाती है।

# मानदेय न मिलने पर मनरेगा कर्मियों ने काली पट्टी बांध जताया विरोध

## - बीडीओ के माध्यम से डीएम समेत अधिकारियों को भेजा ज्ञापन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बहुआ विकास खण्ड में कार्यरत मनरेगा कर्मियों ने कई महीनों से मानदेय न मिलने को लेकर काली पट्टी बांधकर गहरा रोष व्यक्त किया। कर्मियों ने बीडीओ के माध्यम से जिलाधिकारी व संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर लंबित मानदेय और ईपीएफ भुगतान शीघ्र कराने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि ग्राम रोजगार सेवक, कम्प्यूटर ऑपरेटर, तकनीकी सहायक और अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी विभाग के निर्देशों के अनुरूप लगातार कार्य कर रहे हैं और निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इसके साथ ही एसआईआर, क्रॉप सर्वे समेत अन्य सरकारी कार्यों में भी उन्होंने पूरा सहयोग दिया है। कर्मियों का कहना है कि इसके बावजूद उन्हें जुलाई 2025 से अब तक मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है और ईपीएफ की देयता भी लंबे समय से लंबित है। दीपावली पर वेतन नहीं मिल सका और अब होली पर भी भुगतान न होने से कर्मियों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है, जिससे उनकी पारिवारिक जिम्मेदारियां प्रभावित हो रही हैं। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि मानदेय न मिलने की समस्या प्रदेश के अन्य जिलों में भी है, जिसके कारण कुछ स्थानों पर ग्राम रोजगार सेवकों और तकनीकी सहायकों द्वारा आत्महत्या जैसी घटनाएं भी सामने आई हैं। कर्मियों ने इसे संविधान के अनुच्छेद 21 में वर्णित जीवन के अधिकार के विपरीत बताया है। बताया गया कि 23 फरवरी को संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने लखनऊ में रोजगार गारंटी आयुक्त से मिलकर भी इस समस्या से अवगत कराया था। वहीं सरकार द्वारा मनरेगा में



सर्वाधिक मानव दिवस सृजित करने की सराहना किए जाने के बावजूद कर्मचारियों को मानदेय और ईपीएफ भुगतान न होना वित्तीय अनियमितता की ओर संकेत करता है। मनरेगा कर्मचारियों ने अधिकारियों से मांग की है कि जनपद के सभी कर्मियों का लंबित मानदेय और ईपीएफ भुगतान जल्द से जल्द कराया जाए, ताकि कर्मचारियों को आर्थिक संकट से राहत मिल सके। इस मौके पर राकेष तिवारी, महेन्द्र कुमार, कृश्ण कुमार, वैभव गुप्ता, धीरेन्द्र पाण्डेय, जयषंकर तिवारी, अषोक कुमार, देवानंद सिंह कुषवाहा, नीरज कुमार, राजेष कुमार, नंद किषोर, अबरार खां, विजय बहादुर, संदीप कुमार वर्मा, हरीषंकर, रामजी, जयकरन, लक्ष्मण सिंह, पुश्पेन्द्र सिंह, राम सिंह, परवेज सिद्दीकी, मो0 फिरोज खान भी मौजूद रहे।

# एग्री टूरिज्म को मिल रहा बढ़ावा

## - खेती बाड़ी के साथ किसान बनेगा समृद्ध

न्यूज वाणी ब्यूरो

मलवां, फतेहपुर। तेलियानी विकास खंड के आदमपुर गांव में



नमामि गंगे योजना के तहत आयोजित जैविक .षि मेला का आयोजन .षि विभाग की सर्विस प्रोवाइडर ईश एग्रीटेक प्राइवेट लिमिटेड इंदौर मध्य प्रदेश द्वारा गुरुवार को किया गया। ग्रामीण क्षेत्र में पर्यटन संभावनाओं को खोज रहे शोधार्थी अनिल कुमार ने एग्री टूरिज्म के बारे में किसानो को जानकारी देते हुए बताया कि खेती की गतिविधियों में शामिल ट्रैक्टर चलाना, फल–सब्जी तोड़ना जो पर्यटकों को प्र.ति के करीब लाता है। बताया कि आपके क्षेत्र शिवराजपुर, आदमपुर, ज्वाला जी बिंदकी, बागबादशाही खजुहा में पर्यटन की .ष्टि से तमाम कार्य स्वी.त हुए है। किसान यदि अपने .षि प्रक्षेत्र के रूप में नया पर्यटन केंद्र देना चाहते हैं, जो खेती–किसानी में रुचि रखते हैं। इससे न सिर्फ खेती में रुचि रखने वाले पर्यटक व श्रद्धालु उन्नत .षि तकनीक जान सकेंगे, बल्कि टूरिज्म इंडस्ट्री को भी एग्री टूरिज्म प्रक्षेत्र के रूप में नया केंद्र मिलेगा।सरकार भी इस योजना के अंतर्गत एग्री टूरिज्म को बढ़ावा दे रही है। जिससे गांव घर का किसान समृद्ध हो सके। सेवानिवृत संयुक्त .षि निदेशक डा. ओपी वर्मा ने मित्र शत्रु कीटो को पहचान बताई। उद्यानिकी वैज्ञानिक डा संजय कुमार ने गर्मी के मौसम में उद्यानिकी फसलों में होने वाले रोगों के उपचार के तमाम तरीके बताए। वैज्ञानिक डा. शिवमंगल सिंह ने बताया कि गर्मी की जुताई कर मेड बंदी जरूर करे। वैज्ञानिक डा जगदीश किशोर ने कहा कि फसल चक्र का उपयोग जरूर करे। गोधारित प्रा.तिक खेती प्रा.तिक संसाधनों से करने पर रमाकांत तिवारी ने जीवामृत, बीजामृत बनाने उपयोग के विधि बताई।मास्टर ट्रेनर वीरेंद्र यादव ने फेरोमैन ट्रैप, लाई ट्रैप, ग्लू ट्रैप से कीट नियंत्रण की विधि बताई। औषधि खेती पर जोर देते हुए अमित श्रीवास्तव ने कहा कि औषधि खेती करने से पशु नुकसान नहीं पहुंचाते। अध्यक्षता फूलचंद्र पटेल ने किया। संचालन आलोक गौड़ ने किया। इस मौके पर ईश एग्रीटेक के प्रोजेक्ट क्वार्डिनेटर जितेंद्र सिंह, अनिल मिश्रा, विवेक, अखिलेश, रामेंद्र पटेल, राहुल आदि रहें।

# दो दिवसीय रामलीला, धनुष यज्ञ आज से

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। दो दिवसीय रामलीला, धनुष यज्ञ आयोजन हनुमान मंदिर पटेल नगर चौराहा में कल (आज) प्रारंभ हो रही है। जिसमें पहले दिन भगवान श्री रघुनाथ जी व शेष अवतार श्री लक्ष्मण जी की भव्य शोभा यात्रा बग्गी डीजे के साथ श्री हनुमान मंदिर पटेल नगर से तांबेष्वर मंदिर में पूजा अर्चना करके वापस आने पर श्रीराम हनुमान मिलन, श्रीराम सुग्रीव मित्रता, लंका दहन आदि की लीला रात्रि आठ बजे से प्रारंभ होगी। चौदह मार्च शनिवार को जनपद के वरिष्ठजनों, समाजसेवियों का सम्मान उपरांत संध्या बंनदन, जनक दरबार, श्री राम जानकी विवाह व श्री परशुराम लक्ष्मण संवाद की लीला का मंचन आयोजित होगा। यह जानकारी अखिल भारत हिंदू महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष व श्री हनुमान मंदिर सेवा ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी मनोज त्रिवेदी ने देते हुए कार्यक्रम में सभी की भागीदारी हेतु निवेदित किया।

# पुण्यतिथि पर स्व. छेदालाल पाठक को पत्रकारों ने दी श्रद्धांजलि

## - गोष्ठी में मुत्तौर में स्मृति द्वार बनवाने की मांग, विधायक को देंगे ज्ञापन

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। जिला पत्रकार संघ (रजि.) के संस्थापक व मूर्धन्य पत्रकार स्व0 छेदालाल पाठक की पुण्यतिथि पर जनसंपर्क केंद्र कलेक्ट्रेट में गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें जिले भर के पत्रकारों, छायाकार बंधुओ, अधिवक्ता, समाजसेवियों व व्यापारियों ने उपस्थित होकर स्व0 पाठक को श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके आदर्शो पर चलने का संकल्प दोहराया। गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र शरन सिंपल ने बताया कि स्व0 छेदालाल पाठक विशारद ने पत्रकारों के सहयोग से लगातार पत्रकारों के हितों की लडाई लडने व जनपद के विकास के लिये हमेशा प्रयासरत रहे। उनके अंदर पत्रकारिता के प्रति समर्पण एवं निष्ठा की भावना के साथ संघर्ष की अदभुत क्षमता थी। गोष्ठी में पत्रकार विवेक श्रीवास्तव ने स्वर्गीय छेदालाल पाठक के पैतृक गांव मुत्तौर में उनके याद में एक स्मृति द्वार बनवाने की मांग की और विधायक विकास गुप्ता से मिलकर एक ज्ञापन देने की बात कही। संचालन संघ के महामंत्री सुरेन्द्र पाठक ने किया। गोष्ठी में आदित्य श्रीवास्तव एडवोकेट, अनीत अग्रहरि एडवोकेट, मनभावन अवस्थी, मलय पाण्डेय, रवि सिंह, जतिन द्विवेदी, जगत नारायण मिश्रा, धीरेन्द्र सिंह राणा, धीरेंद्र श्रीवास्तव धीरू, मोहम्मद शाहिद, इरफान काजमी, सुनील गुप्ता, पंकज मौर्या, सुनील मौर्या, आरबी चतुर्वेदी, अरुण कुमार, जगन्नाथ प्रजापति, रमेश यादव, संजय सिंह आदि पत्रकार मौजूद रहे।

# दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज किए जाने का न्यायालय से हुआ आदेश

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव की रहने वाली किशोरी 30 नवंबर 2025 को सुबह चार बजेघर से बाहर शौचक्रिया के लिए जंगल गई थी। वहां पहले से घात लगाए बैठे गांव के ही विकास पुत्र सुरेंद्र रैदास ने किशोरी को पकड़कर जबरन दुष्कर्म किया। किशोरी का शोर सुनकर उसकी मां मौके पर पहुंची तो विकास वहां से भाग गया। किशोरी की मां विकास के घर उलाहना देने गई तो वहां पर



पप्पू, कैलाश, राजेश पुत्रगण सुखलाल व विकास ने किशोरी की मां को गाली गलौज दिया व जान से मारने की धमकी देते हुए मारा पीटा। किशोरी की मां अपने घर की तरफ भागी तो उक्त लोगों ने घर के भीतर घुस कर मारा पीटा और घर में खड़ी बाइक को तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना की सूचना स्वयं किशोरी ने थाना सुल्तानपुर घोष में दी परंतु पुलिस द्वारा मुकदमा न लिखे जाने पर अपने वरिष्ठ अधिवक्ता जावेद खान एडवोकेट व साथी अधिवक्ता शोएब खान एडवोकेट के जरिए न्यायालय में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थना पत्र पर न्यायालय अपर सिविल जज सीनियर डिवीजन कोर्ट नंबर 1 ललिता यादव ने किशोरी के वरिष्ठ अधिवक्ता जावेद खान व साथी अधिवक्ता शोएब खान के तर्कों को सुनने व विचार में लेने के उपरांत प्रकरण में अभियोग पंजी.त कर विवेचना किए जाने का आदेश पारित किया है।

# तमंचा के साथ वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। औंग थाना पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे सघन अभियान में बड़ी सफलता हासिल की। पुलिस ने एक वांछित अभियुक्त को अवैध हथियार के साथ गिरतार कर लिया। पुलिस के अनुसार मुकदमा संख्या 17/2026 (धारा 115(2)/352/351(2)/125/109 बीएनएस एवं 3/25 आर्म्स एक्ट) में वांछित आरोपी कैलाश नारायण पाण्डेय पुत्र



स्वर्गीय गुरुप्रसाद निवासी मयारामखेड़ा थाना औंग को गिरतार किया गया। गिरतारी के दौरान अभियुक्त के पास से एक अवैध तमंचा 12 बोर और दो जिंदा कारतूस 12 बोर बरामद हुए। गिरतार अभियुक्त को मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश कर न्यायालय भेज दिया गया है। गिरतारी में शामिल पुलिस टीम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक अनुज यादव, उपनिरीक्षक आकाश सिंह, उपनिरीक्षक हरिन्दर सिंह, कांस्टेबल दीपू सिंह षामिल रही।

# पालिकाध्यक्ष व ईओ ने मातृ शक्तियों को किया सम्मानित

## – अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर पालिका सभागार में हुआ कार्यक्रम

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। नगर पालिका परिषद के सभागार में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष राजकुमार मौर्य व अधिशासी अधिकारी रविंद्र कुमार ने जनपद में अपने कार्य से महिलाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बन रही समाजसेवी महिलाओं




को सम्मानित किया। मातृ षक्तियों में शुभांगी पांडेय, आसिया फारुकी, रश्मि गौतम, रेनू सिंह, गुड्डी सिंह, स्मिता सिंह, सपना वर्मा, सुनीता देवी, कल्पना सिंह चौहान, मालती देवी, सरिता मौर्य, ऊषा रानी सहित अन्य महिलाओं को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन नगर पालिका परिषद के संजय सिंह ने किया। अपने संबोधन में बोलते हुए शुभांगी पांडेय, आसिया फारुकी, स्मिता सिंह, कल्पना सिंह चौहान, मालती देवी ने कहा कि इस तरीके के सम्मान समारोह से उन लोगों के अंदर उर्जा का संचार होता है और वह समाज के लिए और तन्मयता से कार्य करने के लिए अग्रसर होती है।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )